संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

19 मार्च 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 168

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस


## झारखंड में 20 मार्च को ओलावृष्टि व वज्रपात का अलर्ट

**रांची ।** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में मौसम ने करवट ले ली है। मौसम विभाग ने 20 मार्च को राज्य में गर्जन के साथ वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना है।

# महिला और युवाओं के लिए सरकार शुरू करेगी मंईयां बलवान और उद्यमी योजना : मुख्यमंत्री

## झारखंड नहीं झुका, हर चुनौती में आगे बढ़ा

- दिशोम गुरुजी मेमोरियल का निर्माण होगा
- झारखंड के राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाएंगे



**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में राज्य सरकार के छह वर्षों के कार्यकाल को उपलब्धियों से भरा बताते हुए कहा कि झारखंड ने हर चुनौती का डटकर सामना किया और विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमित संसाधनों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सरकार ने स्पष्ट नीति और मजबूत नीयत के साथ काम किया। उन्होंने कहा कि अगर नीयत और नीति सही हो, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। सीएम ने बताया कि वर्ष 2019 में राज्य का बजट लगभग 86 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.58 लाख करोड़ रुपये हो गया है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत 80 स्कूल शुरू किए गए। 100 और स्कूल विकसित किए जाएंगे। हर जिले में मेगा लाइब्रेरी स्थापित करने की योजना है। नए इंजीनियरिंग और डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे। साथ ही छात्रों को विदेश में पढ़ाई के लिए स्कॉलरशिप और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से साझेदारी की योजना पर भी काम चल रहा है।

सीएम ने कहा कि झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए निवेश और औद्योगिक विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। झारखंड स्टेट इकोनॉमिक डेवलपमेंट बोर्ड के गठन की घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि यह बोर्ड उद्योग, इनोवेशन, ऊर्जा, स्किल और रोजगार जैसे क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देगा। वर्ष 2028 तक पांच प्रमुख स्थानों पर इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन विकसित किए जाएंगे। सोलर पार्क, ग्रीन स्टील, हेल्थ और एजुकेशन सेक्टर में निवेश बढ़ाया जाएगा। आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आईटी पार्क विकसित किया जाएगा। खनिज आधारित अर्थव्यवस्था को वैल्यू क्रिएशन और ग्रीन स्किल के जरिए वैश्विक पहचान दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि ÷दिशोम गुरु गुरुजी मेमोरियल÷ का निर्माण कराया जाएगा, जिसे एक एकीकृत आदिवासी सांस्कृतिक परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित करीब 35 मेगालिथिक और मोनोलिथिक स्थलों को संरक्षित और विकसित किया जाएगा। इन स्थलों को जोड़कर फॉसिल पार्क और हेरिटेज टूरिज्म सर्किट तैयार किया जाएगा।

अंत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड ने हर मुश्किल का सामना किया है और आगे भी राज्य विकास के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के हितों की रक्षा के लिए केंद्र के समक्ष मजबूती से खड़े रहेंगे और झारखंड को राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## झारखंड में वीबी-जी राम-जी नहीं, मनरेगा रहेगा नाम

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को मनरेगा को उसके पुराने नाम से ही जारी रखने का संकल्प पारित किया गया। यह संकल्प राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सदन में पेश किया। संकल्प में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम की जगह मनरेगा को ही जारी रखने की बात कही गई। साथ ही मनरेगा के तहत 100 दिनों के बजाय 150 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया गया। सदन में प्रस्तुत प्रस्ताव में कहा गया कि 'वीबी-जी राम-जी' अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि इससे रोजगार की कानूनी गारंटी, मानव दिवसों की सुरक्षा, ग्राम सभा की शक्तियों और राज्य के वित्तीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए राज्य के हित में मनरेगा को ही जारी रखना आवश्यक है। इसके अलावा, 5 जनवरी-2026 को इस विषय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पक्ष शामिल हुए थे। समीक्षा के बाद इस अधिनियम को लेकर कई चिंताएं जताई गईं। संकल्प में यह भी कहा गया कि नए प्रावधानों से काम मांगने पर रोजगार मिलने की कानूनी गारंटी समाप्त हो सकती है, काम के दिनों में कमी आ सकती है, महिलाओं

## हर विधानसभा क्षेत्र में बनेगा कोल्ड स्टोरेज

**रांची ।** झारखंड सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए राज्य के हर विधानसभा क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने की घोषणा की है। यह जानकारी राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा ने विधानसभा में दी।

विधानसभा में एक प्रश्न के जवाब में मंत्री ने बताया कि वर्ष 2026-27 के बजट में हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक कोल्ड स्टोरेज बनाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला विधायकों की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके और भंडारण की समस्या दूर हो।

## विधानसभा परिसर 'जय श्रीराम' के नारों से गूंजा, डीजे प्रतिबंध को लेकर भाजपा-आजसू विधायकों का विरोध

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन बुधवार को विधानसभा परिसर 'जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) के विधायकों ने विधानसभा गेट के बाहर भगवान श्रीराम की तस्वीर के साथ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

### राज्यसभा में 59 सांसदों को दी गयी विदाई

## राजनीति में फुलस्टॉप नहीं होता : मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा में बुधवार को अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से रिटायर हो रहे 59 सांसदों को विदाई दी गई। इनमें पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा, शरद पवार, सभापति हरिवंश, आरपीआई नेता रामदास आठवले शामिल हैं। हालांकि पवार और आठवले राज्यसभा के लिए फिर चुन लिए गए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने संसद को एक ओपन यूनिवर्सिटी बताया। उन्होंने कहा कि राजनीति में कभी पूर्ण विराम नहीं होता। भविष्य आपका इंतजार कर रहा है। आपका अनुभव हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा बना रहेगा। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा से कहा कि मैं सबसे पहले देवगौड़ाजी का उल्लेख करना चाहूंगा। मुझे पता नहीं कि क्या हुआ उनको क्या हुआ मुहूर्त हमारे साथ देखा, लेकिन शादी मोदीजी के साथ की। उन्होंने कहा कि शरद पवार दोबारा इस सदन में आएंगे। खडगे की स्पीच के बाद पीएम ने कहा कि खडगेजी ने एक अपेक्षा रखी थी। मैं उस अपेक्षा को पूरा करूंगा। कर्म ऐसा करो मन में जहां से गुजरे तुम्हारी रजनी, उधर से तुमको सलाम आए।

राज्यसभा से बुधवार को 37 सदस्य रिटायर हुए। खाली होने वाली इन सीटों पर कई सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं।

## ग्रामीण कार्य विभाग मनी लॉन्ड्रिंग में ईडी की कार्रवाई, 14 इंजीनियर समेत 36 आरोपी

संवाददाता

रांची। झारखंड के बहुचर्चित ग्रामीण कार्य विभाग मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5वीं सप्लीमेंट्री प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट (चार्जशीट) दाखिल की है। यह शिकायत 17 मार्च 2026 को रांची स्थित पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में दायर की गई। इस नई चार्जशीट में 14 इंजीनियरों और विभागीय अधिकारियों को आरोपी बनाया गया है। इसके साथ ही इस मामले में कुल आरोपियों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। ईडी ने यह कार्रवाई पीएमएलए की विभिन्न धाराओं के तहत की है। यह केस एसीबी, जमशेदपुर में दर्ज एफआईआर संख्या 13/2019 से जुड़ा है। जांच में खुलासा हुआ है कि ग्रामीण कार्य विभाग, आरडीएसजेड और जेएसआरआरडीए में टेंडर आवंटन के बदले कमीशनखोरी का एक संगठित नेटवर्क चल रहा था। ईडी के मुताबिक टेंडर वैल्यू का करीब 3 प्रतिशत कमीशन लिया जाता था।

कमीशन का बंटवारा तय तरीके से किया जाता था। इस नेटवर्क के जरिए बड़े स्तर पर अवैध वसूली की जाती थी। करीब 3,048 करोड़ के टेंडर आवंटन में से ?90 करोड़ से अधिक को 'अपराध की आय' बताया गया है।

जांच एजेंसी के अनुसार 1.35त्न हिस्सा तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम तक, 0.65त्न विभागीय सचिव स्तर तक, शेष राशि मुख्य अभियंताओं और अधीनस्थ इंजीनियरों में बांटी जाती थी।

नई चार्जशीट में रिटायर्ड चीफ इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर असिस्टेंट इंजीनियर, पूर्व इंजीनियर-इन-चीफ के नाम शामिल है। ईडी के अनुसार, सभी आरोपियों की भूमिका अवैध कमीशन की वसूली, संग्रह और वितरण में पाई गई है।अब तक ईडी की कार्रवाई 52 ठिकानों पर छापेमारी और नौ लोगों की गिरफ्तारी हुई है। लगभग 38 करोड़ नकद बरामद करीब 4 करोड़ की संपत्ति अटैच 8 लग्जरी वाहन जब्त की है। गिरफ्तार लोगों में आलमगीर आलम और उनके करीबी भी शामिल हैं, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## आदित्य साहू ने अमित शाह और नितिन नवीन से की मुलाकात





**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद आदित्य साहू ने आज नई दिल्ली में पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी से एवं भारत के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी से मुलाकात की और प्रदेश के समसामयिक विषयों पर चर्चा की ,मार्गदर्शन प्राप्त किया।


## इंदौर और दिल्ली में शॉर्ट सर्किट से आग, 17 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**इंदौर/नई दिल्ली ।** मप्र के इंदौर और दिल्ली में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह से 17 लोगों की मौत हो गई है। इंदौर के बंगाली चौराहे के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार भोर में भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं देश की राजधानी दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग ने नौ लोगों की जान ले ली। इस दर्दनाक घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाडियां मौके पर मौजूद रहीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

## साहिबगंज में नकली कीटनाशक दवा निर्माण का भंडाफोड़

### 1610 डब्बा नकली कीटनाशक दवा व स्टीकर बरामद



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज ।** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के महादेववरण गांव में बुधवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की,जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का,सदर अंचलाधिकारी बासुकीनाथ टुड्डू,मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली कीटनाशक दवा बनाने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है.मिली जानकारी के अनुसार इंडोफिल इंडस्ट्री कंपनी के इलेक्ट्रो नामक कीटनाशक दवाई बडे पैमाने पर पैकेजिंग कर उसे किसानों के बीच असली बताकर बेचा जा रहा था.कंपनी के क्षेत्रीय प्रसार पदाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि लंबे समय से उन्हें इस अवैध कारोबार की सूचना मिल रही थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने इसकी शिकायत संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से की. शिकायत के आधार पर मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आइंद के नेतृत्व में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की,जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद तिग्गा,मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार व पुलिस टीम ने संदिग्ध पैकेजिंग स्थल पर छापेमारी की.छापेमारी के दौरान मौके से करीब 22 लाख रुपये मूल्य की नकली कीटनाशक दवाएं तथा लगभग चौबीस हजार कंपनी के फर्जी स्टीकर बरामद किया गया है.

# विधानसभा में संताल परगना के जनप्रतिनिधियों की गुहार

## आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में गड़बड़ी पर सदन में हंगामा, प्रदीप यादव ने लगाए शोषण के आरोप



**रांची ।** सदन में आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिए मेनपावर नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। विधायक प्रदीप यादव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कई कंपनियां युवाओं से पैसे लेकर नौकरी दिलाने का काम कर रही हैं, जिससे उनका शोषण हो रहा है।।विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नियमावली बनाई है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के नाम पर पैसे मांगे जाने की खबरें मीडिया में भी सामने आई हैं, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण को रोकने के लिए कैबिनेट द्वारा स्पष्ट नियमावली बनाई गई है। उन्होंने बताया कि विभागों में जरूरत के अनुसार जैप आईटी प्रणाली से एजेंसियों का चयन होता है। वर्तमान में 14 एजेंसियां सूचीबद्ध हैं।

## लिट्टीपाड़ा में 217 करोड़ की जलापूर्ति योजना में देरी पर बवाल, हेमलाल मुर्मू ने की जांच की मांग



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान लिट्टीपाड़ा प्रखंड की बहु-ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना में भारी देरी का मामला सदन में उठा। विधायक हेमलाल मुर्मू ने योजना में अनियमितता और लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। विधायक ने कहा कि ड्राई जोन क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2017 में 217.51 करोड़ रुपये की लागत से योजना स्वीकृत हुई थी, जिसे 2020 तक पूरा होना था। लेकिन 2026 तक केवल 4 में से 1 जलमीनार ही बन पाई। पाइपलाइन का काम अधूरा है। योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच सका। उन्होंने आरोप लगाया कि इतने वर्षों में न किसी अधिकारी, इंजीनियर या ठेकेदार पर कार्रवाई हुई और न ही कोई जवाबदेही तय की गई। विधायक ने कहा कि योजना में ÷गंभीर गड़बड़ी÷ हुई है और इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। मामले पर मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने बताया कि योजना में देरी का मुख्य कारण कोविड-19 और अन्य प्रक्रियात्मक बाधाएं रही हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना को समय-समय पर एक्सटेंशन दिया गया।

## आईटीआई कॉलेज में चल रहा एफसीआई गोदाम, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित : एमटी राजा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राजमहल विधानसभा क्षेत्र की समस्या को उठाते हुए विधायक मोहम्मद ताजमुद्दीन ने उधवा प्रखंड के मोहनपुर स्थित आईटीआई कॉलेज में एफसीआई गोदाम संचालित होने का मामला सदन में रखा।

विधायक ने कहा कि आईटीआई कॉलेज भवन में वर्तमान में एफसीआई का गोदाम चल रहा है, जिसके कारण तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को अन्य स्थानों पर जाकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। इससे छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि आईटीआई परिसर से एफसीआई गोदाम को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि वहां नियमित रूप से आईटीआई की पढ़ाई शुरू हो सके।

विधायक ने कहा कि इससे क्षेत्र के युवाओं को स्थानीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा और उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## अब मनरेगा से होगी चेक डैम की मरम्मत : हफीजुल हसन



**रांची ।** विधानसभा में जल संसाधन से जुड़े एक अन्य सवाल पर मंत्री हफीजुल हसन ने बताया कि राज्य में बने चेक डैम और सीरीज ऑफ चेक डैम की मरम्मत की जिम्मेदारी जल संसाधन विभाग की नहीं, बल्कि मनरेगा के तहत की जाएगी। सिमरिया से भाजपा विधायक कुमार उज्ज्वल दास ने सदन में यह मुद्दा उठाया था कि मरम्मत के अभाव में कई चेक डैम जर्जर हो चुके हैं और जल जमाव की समस्या बढ़ रही है। इसके साथ ही, लिफ्ट इरिगेशन योजनाएं भी बेकार हो गई हैं, जिससे किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल रहा। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर इंटकवेल का निर्माण भी कराया जाएगा। लातेहार के चंदवा स्थित जगराहा डैम को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री हफीजुल हसन ने स्पष्ट किया कि यह निजी डैम (राजा का तालाब) है, इसलिए इसका सौंदर्यीकरण जल संसाधन विभाग के दायरे में नहीं आता।

## विधायक देवेंद्र कुंवर ने की जरमुंडी को अनुमंडल और नोनीहाट को प्रखंड बनाने की मांग



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान जरमुंडी को अनुमंडल बनाने की मांग जोरदार तरीके से उठाई गई। विधायक देवेंद्र कुंवर ने कहा कि दुमका जिले का जरमुंडी क्षेत्र अनुमंडल बनने की सभी अहर्ताएं पूरी करता है, ऐसे में इसे जल्द अनुमंडल का दर्जा दिया जाना चाहिए। विधायक ने कहा कि वर्तमान में जरमुंडी और बासुकिनाथ के बीच करीब 30 किलोमीटर की दूरी है, जिससे लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए काफी परेशानी होती है। उन्होंने यह भी मांग उठाई कि नोनीहाट को अलग प्रखंड बनाया जाए, क्योंकि कई पंचायतों के लोगों को 10-12 किलोमीटर दूर आना-जाना पड़ता है। मामले पर मंत्री दीपक बिरुवा ने बताया कि जरमुंडी को अनुमंडल बनाने से संबंधित प्रस्ताव विभाग के पास उपलब्ध है और इस पर प्रक्रिया जारी है।

## जामा में सब्जी प्रोसेसिंग यूनिट खोला जाए : लुईस मरांडी



**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में जामा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए विधायक डॉ लुईस मरांडी ने सरकार से सब्जी प्रोसेसिंग इकाई स्थापित करने की मांग की।

विधायक ने कहा कि जामा के रामगढ़ प्रखंड मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र हैं, जहां किसान अनाज के साथ-साथ बड़े पैमाने पर सब्जी की खेती करते हैं। इसके बावजूद उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि क्षेत्र में सब्जी प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जाए, ताकि किसानों को उनकी फसल का सही दाम मिल सके और उनकी आय में वृद्धि हो। विधायक ने कहा कि इस पहल से न केवल किसानों को लाभ मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## पाकुड़ में हाई स्कूल की कमी का मुद्दा उठा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पाकुड़ जिले के पाकुड़ प्रखंड में तीन पंचायत उच्च विद्यालय की कमी का मामला सदन में उठा। विधायक निसात आलम ने कहा कि क्षेत्र के कई पंचायतों में हाई स्कूल नहीं होने से छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं।

तीन पंचायतों के छात्रों को परेशानी हो रही है। विधायक ने बताया कि सीतापहाड़ी, नसीपुर और चंगाडांगा पंचायतों में एक भी उच्च विद्यालय नहीं है। इसके कारण विद्यार्थियों को दूर जाना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल आने-जाने के दौरान छात्रों को रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विधायक ने जनहित में मांग की कि मध्य विद्यालय सीतापहाड़ी को उत्क्रमित कर माध्यमिक विद्यालय बनाया जाए और क्षेत्र में आवश्यक शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकसित की जाए।

## बिना पूर्ण अनुमति शुरू हुआ फ्लाईओवर निर्माण हादसे में मौत पर मुआवजा नहीं : उदय शंकर सिंह



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सारठ विधानसभा क्षेत्र में बन रहे रोड ओवर ब्रिज (फ्लाईओवर) को लेकर गंभीर सवाल उठे। विधायक उदय शंकर सिंह ने आरोप लगाया कि बिना पूरी स्वीकृति और प्रक्रिया के ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे एक व्यक्ति की जान चली गई, लेकिन उसे मुआवजा तक नहीं मिल पाया। विधायक ने कहा कि जामताड़ा जिले में दो ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति तो मिल गई, लेकिन जमीन अधिग्रहण (लैंड एक्विजिशन) नहीं हुआ भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति अधूरी रही। इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया और करीब 67 पिलर का फाउंडेशन भी बना दिया गया।

# झारखंड विधानसभा में गूंजा राशन डीलरों का कमीशन और आउटसोर्सिंग का मुद्दा

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 17वें दिन बुधवार को सदन में राशन डीलरों के कमीशन और आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में अनियमितताओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली।बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव ने परिवहन/वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले कमीशन को बढ़ाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डीलरों को मिलने वाला कमीशन पर्याप्त नहीं है, जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि डीलर दो किलोग्राम तक अनाज कम दे देते हैं, तो उसे गलत नहीं माना जाता, ऐसे में सरकार को उनकी स्थिति सुधारने के लिए कमीशन बढ़ाना चाहिए।इस पर जवाब देते हुए राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि सरकार की ओर से डीलरों को प्रति यूनिट लगभग डेढ़ रुपये का कमीशन दिया जा रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को तोड़-मरोड़ कर पेश करने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार डीलरों के हितों को लेकर गंभीर है और व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है।आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में गड़बड़ी का आरोप सदन में आउटसोर्सिंग कंपनियों के जरिए मैनपावर नियुक्ति में अनियमितताओं को लेकर भी हंगामा हुआ। विधायक प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां युवाओं से पैसे लेकर नौकरी दिलाने का काम कर रही हैं, जिससे उनका शोषण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए नियमावली तो बनाई है, लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। मीडिया में भी इस तरह की



खबरें आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के शोषण को रोकने के लिए कैबिनेट द्वारा स्पष्ट नियमावली बनाई गई है। उन्होंने बताया कि विभागों को मैनपावर की जरूरत होने पर जैप आईटी प्रणाली के माध्यम से सूचीबद्ध एजेंसियों का चयन किया जाता है और फिलहाल 14 एजेंसियां पैनल में शामिल हैं।मंत्री ने कहा कि एजेंसियों का काम योग्यता और अनुभव के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करना है। यदि कोई एजेंसी निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगती है, तो जांच में सही पाए जाने पर उसे ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।बहस के दौरान विधायक प्रदीप यादव ने फिर सवाल उठाया कि नियमावली के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है और पारदर्शिता कैसे सुनिश्चित की जाएगी।इस बीच मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भी माना कि यह गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि कई बार आरक्षण रोस्टर का सही तरीके से पालन नहीं हो पाता, जिस पर सख्ती से अंकुश लगाने की जरूरत है।सरकार की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्तियों में झारखंड के स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही विभागीय कार्यों में तेजी लाने के लिए इस व्यवस्था को जरूरी बताया गया, लेकिन इसमें पारदर्शिता और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया।

## भू-विरासत विधेयक पेश नहीं होने से सरयू राय निराश, स्पीकर को लिखे थे दो पत्र



**रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में अपने गैर-सरकारी विधेयक को पेश नहीं किए जाने पर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने निराशा जताई है। विधायक ने कहा कि वे विधानसभा के अंतिम दिन तक इस उम्मीद में थे कि उनका झारखंड भू विरासत (जीवाश्म) विधेयक 2026 सदन में पुरःस्थापित किया जाएगा, लेकिन सत्र समाप्त होने तक ऐसा नहीं हो सका।सरयू राय ने इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष को दो बार पत्र लिखा था। पहला पत्र 20 जनवरी 2026 और दूसरा पत्र 13 मार्च 2026 को पत्र लिखा गया था। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि संसदीय प्रक्रिया के अनुसार गैर-सरकारी विधेयक को सदन पटल पर रखने का निर्णय समय पर लिया जाना चाहिए था, लेकिन डेढ़ महीने से अधिक समय बीतने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ।विधायक ने कहा कि गैर-सरकारी विधेयक को सदन में पेश करना एक सदस्य का अधिकार है और इसका संरक्षण संसदीय परंपराओं के तहत किया जाना चाहिए। उन्होंने इस मामले में हुई देरी को अप्रत्याशित और निराशाजनक बताया।जीवाश्म संरक्षण के लिए कानून की जरूरतअपने प्रस्तावित विधेयक के बारे में उन्होंने बताया कि झारखंड के कई जिलों, खासकर राजमहल पहाड़ियों और साहेबगंज क्षेत्र में दुर्लभ जीवाश्म पाए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि राज्य में जीवाश्म संरक्षण के लिए कोई ठोस कानून नहीं हैमानव गतिविधियों से इन धरोहरों को खतरा बढ़ रहा हैसंरक्षण के लिए अलग कानून बनाना जरूरी है।

## साहिबगंज के राजमहल में लव जिहाद का मामला,प्राथमिकी दर्ज,शाहिद अनवर गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

**राजमहल।** राजमहल थाना क्षेत्र की एक महिला ने राधानगर थाना क्षेत्र के एक विशेष समुदाय के लड़के पर हिंदू बन के प्रेम विवाह करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिक दर्ज कराई है. मामले को लेकर पिड़िता ने बताया है कि राधानगर थाना क्षेत्र के पहाड़ गांव निवासी शाहिद अनवर पिता जैनुल शेख ने मुझे प्रेम जाल में फंसाया और हिंदू बन कर एक मंदिर में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मुझसे शादी की. लेकिन कुछ दिनों में ही शाहिद अनवर ने अपना असली चेहरा दिखाया और मुझे मौलवी और मौलाना के समक्ष धर्म परिवर्तन करने के लिए विवश कर दबाव बनाया तथा प्रतिबंधित मांस खाने के लिए विवश किया. वहीं शाहिद अनवर के परिवार वाले मुझ पर दबाव बनाने लगे और बुरखा पहनकर रहने और रोजा रखने नमाज पढ़ने के लिए दबाव बनाने लगे. तथा 16 मार्च 2026 को मैं किसी तरह से अपने मां के पास पहुंची तथा 17 मार्च 2026 को शाम के 7 बजे शाहिद अनवर राजमहल थाना क्षेत्र स्थित मेरे घर पर पहुंचकर मेरी मां के साथ धक्का-मुक्की करने लगा. और मुझे घर से ले जाने के लिए मुझे बेहोश करने लगा. जब मैं इन सब से इनकार कर दिया तो उसने मुझे और मेरी मां को जान से मारने की धमकी दी. मामले को लेकर राजमहल थाना में थाना कांड संख्या 83/26 में प्राथमिकी दर्ज की गई है. वहीं मामले को लेकर पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनवर शेख को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया.

# बिना पद के भी बन गए समाज के हीरो रतन गुप्ता की याद में हुआ सम्मान समारोह

### 115 बार रक्तदान से लेकर राष्ट्रीय सम्मान तक , क्यों चर्चा में है रतन कुमार गुप्ता स्मृति सेवा अभियान?

संताल एक्सप्रेस

**रांची / वाराणसी।** बाबा गणिनाथ भक्त मण्डल की ओर से वाराणसी में आयोजित एक भव्य एवं गरिमामय समारोह में ÷रतन कुमार गुप्ता स्मृति राष्ट्रीय सेवा सम्मान÷ के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 18 विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह में बाबा गणिनाथ भक्त मण्डल के राष्ट्रीय संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने सभी चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने स्वर्गीय रतन कुमार गुप्ता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा, विनम्रता और आत्मीयता की अद्भुत मिसाल था। उन्होंने बिना किसी पद या प्रतिष्ठा की चाह के समाज के लिए जो कार्य किए, वही आज इस सम्मान के रूप में एक आंदोलन बनकर उभर रहा हैं।

सेवा से बनी पहचान, पद से नहीं

स्वर्गीय रतन कुमार गुप्ता का जीवन इस बात का उदाहरण रहा कि सच्ची महानता पद में नहीं, बल्कि सेवा में




होती है। भारत और नेपाल तक फैले स्वजातीय समाज में उनका नाम विश्वास और आत्मीयता का प्रतीक था। किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयं लेना, अतिथियों का आत्मीय स्वागत करना और अन्नपूर्णा प्रसाद की परंपरा को जीवित रखना-ये उनकी विशेष पहचान थी। उल्लेखनीय है कि समाज में अत्यधिक सम्मान के बावजूद उन्होंने कभी कोई पद स्वीकार नहीं किया। उनकी इस सेवा परंपरा को आज उनके सुपुत्र निखिल कुमार गुप्ता आगे बढ़ा रहे हैं,विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया गया- युवा उद्यमी~ मनीष कुमार साव (महाराष्ट्र)स्वास्थ्य सेवा~ सूरज गुप्ता (उत्तर प्रदेश)शिक्षा क्षेत्र~ संतोष कुमार (बिहार)खेल क्षेत्र~ नेहा गुप्ता (उत्तर प्रदेश)सामाजिक कार्य~ अभिषेक कुमार गुप्ता (उत्तर प्रदेश)वर्ष 2025~ बढ़ा दायरा, मजबूत हुआ संदेशवर्ष 2025 में इस सम्मान का विस्तार करते हुए और अधिक श्रेणियों को शामिल किया गया-उद्यमिता~ राजीव गुप्ता (वाराणसी)स्वास्थ्य सेवा~ कृष्ण कुमार गुप्ता एवं बलराम गुप्ता (बजबज, पश्चिम बंगाल)समाज सेवा~ मनीष गुप्ता (गाजीपुर)शिक्षा~ नवल मद्धेशिया (बलिया)खेल~ प्रतीक मद्धेशिया (अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी, बरहज)खेल प्रशिक्षक~ नन्द कुमार गुप्ता (चंदौली)रक्त वीर सम्मान~ जीवनदान का अभियानसमारोह का सबसे भावुक और प्रेरणादायक हिस्सा रक्तदान श्रेणी रहा-राजेश गुप्ता सेंचुरियन (वाराणसी)~ 115 बारसंतोष मद्धेशिया (देवरिया)~ 24 बार आशुतोष गुप्ता (वाराणसी)~ 41 बार मनोज मद्धेशिया (मुंबई)~ 49 बार अंगद गुप्ता (कसया)~ 51 बार राकेश गुप्ता (गाजीपुर)~ 60 बार ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि अनगिनत जिंदगियों को बचाने की प्रेरक कहानियाँ हैं। निष्पक्ष चयन प्रक्रिया से बढ़ी विश्वसनीयता सम्मान के चयन के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई-डॉ. मनोज कुमार गुप्ता (वरिष्ठ श्वहझ सर्जन, वाराणसी) अर्चना गुप्ता (पूर्व राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष, रांची) अमरजीत कुमार शाह (प्रदेश अध्यक्ष, गुजरात)।

## विस में गूंजा सुदूर गांवों में बिजली का मुद्दा विधायक निसात आलम ने उठाई आवाज

**संताल एक्सप्रेस बरहरवा ।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने बुधवार को झारखंड विधानसभा में साहिबगंज जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक बिजली नहीं पहुंचने का गंभीर मुद्दा उठाया.उन्होंने कहा कि आज भी कई गांव अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं. जिससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.विधायक ने सदन को अवगत कराया कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. उन्होंने सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की.इस पर विभागीय मंत्री ने सदन में जवाब देते हुए बताया कि डीसी साहिबगंज से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिन गांवों में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है. वहां कार्य युद्ध स्तर पर जारी है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना के तहत लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और वित्तीय वर्ष 2027 तक सभी गांवों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.

## झरिया में प्रदूषण, सहिया कर्मियों और आउटसोर्सिंग कंपनियों पर विधायक ने उठाए मुद्दा

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** झरिया की विधायक रागिनी सिंह ने सदन में क्षेत्र की कई गंभीर समस्याओं को उठाते हुए सरकार से जल्द समाधान की मांग की। उन्होंने खास तौर पर सहिया कर्मियों (सहिया दीदी) की स्थिति, बढ़ते प्रदूषण और खनन क्षेत्रों में आउटसोर्सिंग कंपनियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। विधायक ने कहा कि राज्य के सभी जिलों में सहिया कर्मी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर बैठे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने सरकार से स्पष्ट जवाब मांगते हुए कहा कि आखिर इन दीदी-बहनों की समस्याओं का समाधान कब तक होगा।झरिया क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण पर बोलते हुए विधायक ने कहा कि कोयला खनन और परिवहन



के कारण इलाके में धूल और धुएं का स्तर लगातार बढ़ रहा है।बिना ढंके कोयला ढोने वाली गाड़ियां सड़कों पर चल रही हैं।सफाई व्यवस्था लगभग न के बराबर है।बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि कागजों पर भले ही नियमों के पालन का दावा किया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।विधायक ने आरोप लगाया कि खनन क्षेत्रों में काम कर रही आउटसोर्सिंग कंपनियां सरकारी गाइडलाइन का पालन नहीं कर रही हैं।

# झारखंड को हजार हाथों से लूट रही हेमंत सरकार : आदित्य

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद आदित्य साहू ने राज्य में फोरेंसिक डिटेक्टिव उपकरण में हुई करोड़ों की लूट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। साहू ने कहा कि हेमंत सरकार लूट और भ्रष्टाचार की सरकार बन गई है। राज्य सत्ता के संरक्षण में रोज घोटाले हो रहे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार एक दो नहीं बल्कि हजार हाथों से झारखंड को लूट रही है।साहू ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिस क्षेत्र में हाथ डालो, जिस विभाग में जाओ घोटाले ही घोटाले हैं। पंचायत से लेकर सचिवालय तकमंत्री से लेकर मंत्रालय तक चौतरफा लूट मची है। बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा है।उन्होंन कहा कि गरीब आदमी राज्य में पेंशन केलिए तरस रहा है। विद्यार्थी किताब, ड्रेस और छात्रवृत्ति के लिए तरस रहे हैं और राज्य सरकार खजाना को लूटने में जूटी



है।साहू ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार का मुंह सुरसा के मुंह से भी बड़ा हो गया है। जिसका परिणाम है राज्य में फॉरेंसिक डिटेक्टिव उपकरण की खरीद 229 प्रतिशत अधिक कीमत पर हुई है।उन्होंने कहा कि जिस मशीन को उसी कंपनी से दिल्ली की सरकार ने 19 लाख 9 हजार 424 रूपये में खरीदा है उसे झारखंड सरकार ने चार गुने कीमत पर 74 लाख 89 हजार रुपए में खरीदा है।उन्होंने कहा कि ये भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। राज्य सरकार लूट खसोट की हद तक पहुंच गई है।

# सदन चलाने में सत्तापक्ष और विपक्ष का सहयोग लोकतांत्रिक परंपराओं का उत्कृष्ट उदाहरण : स्पीकर

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र 2026 के दौरान बुधवार को सदन की कार्यवाही की दूसरी पाली में मु यमंत्री हेमंत सोरेन के जवाब के साथ ही स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। इस अवसर पर सदन में स्पीकर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट और वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट, जिसकी कुल राशि एक लाख 58 हजार 560 करोड़ रुपये है। यह बजट राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्पीकर ने अपने समापन संबोधन में कहा कि 18 फरवरी 2026 से लेकर 18 मार्च 2026 तक संचालित इस बजट सत्र में 17 कार्य दिवस रहा और यह सत्र 19 मार्च तक प्रस्तावित था। लेकिन 14 मार्च को अवकाश के दिन सदन



का कार्य किया गया, इसलिए एक दिन पूर्व आज ही सत्र समापन हो गया।इस दौरान स्पीकर ने कहा कि इस बजट सत्र में कुल 242 अल्पसूचित प्रश्न स्वीकृत किए गए, जिनमें से 62 प्रश्नों के उत्तर सदन में दिए गए। इसी प्रकार कुल 758 तारांकित प्रश्न पूछे गए, जिनमें से 57 प्रश्नों का उत्तर सदन में दिया गया। ध्यानाकर्षण सूचनाओं की बात करें तो कुल 72 ध्यानाकर्षण सूचनाएं ली गई, जिनमें से 55 का उत्तर सदन में दिया गया। इस सत्र के दौरान कुल 96 निवेदन प्राप्त हुए। शून्यकाल की सूचनाएं कुल 400 स्वीकृत हुई।निर्धारित समय से लगभग 112 प्रतिशत तक चला सदनस्पीकर ने कहा कि इस सत्र में दो महत्वपूर्ण वित्तीय विधेयक पारित किए गए। सत्र के दौरान सदन की कार्यक्षमता भी उल्लेखनीय रही। जहां इस सत्र के लिए कुल 66 घंटे का समय निर्धारित किया गया था, वहीं सदन ने कुल पौने 74 घंटे काम किया, जो निर्धारित कार्य का लगभग 112 प्रतिशत है।सदन में सभी सदस्य सत्तापक्ष हों या विपक्ष, सदन की कार्यवाही को गरिमा, संयम और सहयोग की भावना से संचालित करने में योगदान दिया, वह लोकतांत्रिक पर पराओं का उत्कृष्ट उदाहरण है।स्पीकर ने कहा कि झारखंड राज्य एक युवा और अपार संभावनाओं से भरा राज्य है। इस सत्र के दौरान जो चर्चाएं, निर्णय और विधेयक पारित हुए हैं, वे निश्चित रूप से राज्य के विकास को नई दिशा देंगे। हम सबकी जि मेदारी है कि हम इस सदन की गरिमा को बनाए रखते हुए जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दें। लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाएं। सत्र के सफल संचालन में उन्होंने मु यमंत्री, हेमंत सोरेन, मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेता और अन्य सदस्यों, विधानसभा सचिवालय के सभी पदाधिकारी-कर्मियों, राज्य सरकार के अधिकारियों, सुरक्षा बल और मीडिया के प्रति आभार जताया।उन्होंने कहा कि यह सदन केवल भवन नहीं, एक संकल्प है, झारखंड के उज्ज्वल भविष्य का विकल्प है। उन्होंने राज्यवासियों को ईद-उल-फितर, सरहुल, रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राईडे की बधाई दी।

## रेलकर्मियों की चयनित 739 पुत्रियों को उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति वितरित







**रांची / हाजीपुर ।** पूर्व मध्य रेल द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज 18.03.2026 को मुख्यालय, हाजीपुर स्थित वैशाली रेल प्रेक्षागृह में महिला रेलकर्मियों के लिए सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया । महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह तथा पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनिता सिंह द्वारा समारोह का शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा पांचों मंडलों एवं मुख्यालय के रेलकर्मियों के उच्च तकनीकी/व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहीं 739 चयनित पुत्रियों को कर्मचारी कल्याण निधि से छात्रवृति के रूप में 01 करोड़ 33 लाख रुपए की राशि वितरित की गयी । इसके साथ ही कक्षा-8 में पढ़ रही 62 रेलकर्मियों के बच्चियों को साईकिल वितरित की गयी तथा इस माह में रेल सेवा से सेवानिवृत्त हो रही 06 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि आज महिलाएं जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में यथा-सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक में सफल हुई है। पूर्व मध्य रेल के लिए यह अत्यंत गौरव की बात है कि भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान पूर्व मध्य रेल से ही है एवं उनके साथ पूर्व मध्य रेल की कई प्रतिभावान खिलाड़ी टीम में शामिल हैं । इनके लिए स्पोर्ट्स हॉस्टल की व्यवस्था की गई है एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं विकसित की जा रही है ।

## पलामू में दो सड़क हादसे में ससुराल आए दामाद सहित तीन की मौत

**पलामू (हि.स.)।** पलामू जिले में बुधवार को दो सड़क हादसे हुए, जिससे ससुराल आए दामाद सहित तीन युवकों की मौत हो गयी, जबकि चार युवक जख्मी हैं। सभी का इलाज किया जा रहा है। लेस्लीगंज एवं नावाजयपुर थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसे हुए।जिले के नावाजयपुर पुराना यज्ञशाला के पास एक बाइक एवं बुलेट में जोरदार टक्कर हो गयी, जिससे बाइक पर सवार तीन युवकों में से दो की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान पकरिया नावा जयपुर निवासी सचिन कुमार (पिता सुरेंद्र शर्मा) एवं आशीष कुमार (पिता सीताराम) के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक आकाश कुमार (पिता राजेश कुमार), निवासी नावा जयपुर का इलाज चल रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक पैशल बाइक पर सवार होकर नावाजयपुर के घोरीघाट साप्ताहिक बाजार से लौट रहे थे कि अचानक नावाजयपुर पुराना यज्ञशाला के पास विपरीत दिशा से आ रही बुलेट मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गयी।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सचिन कुमार और आशीष कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं आकाश कुमार का इलाज जारी है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## कार के धक्के से छात्र की मौत उग्र भीड़ ने पुलिस पर की फायरिंग

**पलामू (हि.स.)।** जिले के थाना क्षेत्र के पदमा गांव के अमवाटोली में मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार (जेएच01बीवी1111) की चपेट में आने से 08 वर्षीय बच्चे सूरज कुमार की मौत हो गयी। बच्चा स्कूल से छुट्टी होने पर घर लौट रहा था। धक्का मारने के बाद कार लेकर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।इधर, एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर घर पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने मनातू-पाटन-तरहसी मुख्य पथ को जाम कर दिया।

## पत्थर खदान में मिला शव, हत्या की आशंका से इलाके में सनसनी

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना के कासियाटांड़ 8 लेन की बंद पड़ी पत्थर खदान के पास से अधेड़ का शव मिला। शव की पहचान नहीं हो सकी है। आशंका जताई जा रही ह कि हत्या के बाद शव को खदान में फेंक दिया गया है। शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव बंद पड़े पत्थर क्रेशर के समीप लगभग 80 फीट गहरी खदान के पास मिला है। शव मिलने की खबर मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की सूचना पाकर बरवाअड्डा थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।

## अरुण कुमार बने निगम के डिप्टी मेयर विजय कुमार चिरकुंडा नपं के उपाध्यक्ष

**धनबाद।** अरुण कुमार चौहान नगर निगम के डिप्टी मेयर तथा विजय कुमार यादव चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। बुधवार को समाहरण में दोनों पदों के लिए चुनाव हुआ। दोनों को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा गया है।




डिप्टी मेयर के लिए नवनिर्वाचित 55 वार्ड पार्षदों ने मतदान किया। चिरकुंडा नगर परिषद उपाध्यक्ष के लिए नवनिर्वाचित 21 वार्ड सदस्यों ने वोटिंग की। वोटिंग के बाद मतो की गिनती हुई और निर्वाची पदाधिकारियों ने परिणाम की घोषणा की। दोनों को बारी - बारी से पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके पहले मेयर, वार्ड पार्षद तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाई गई।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी आदित्य रंजन ने नगरपालिका मेयर संजीव सिंह एवं सभी 55 वार्ड पार्षदों को समाहरणालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में शपथ दिलाई।सर्वप्रथम डीसी ने धनबाद नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर संजीव सिंह को शपथ दिलाई। इसके बाद धनबाद नगर निगम के सभी 55 वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाई।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी खोबोर

**सं.सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-ऑक्शन/एमएसएस/26 माहित: 17.03.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमोक् लागित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** मेताक्मे आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते खुला ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बनाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आः **नीलामी रेयाक् कैटेगरीः** एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस, ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमएसएस-0104, **ई-नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 01.04.2026 हिलोक् 12.00 बजे। **क्रम सं., किसिम आर स्टेशनको/जायगाको रेयाक् जुतुम** दो नोडका लेका मेनाक्आः (1) **स्लीपिंग पॉर्ड** लाहान्तीय, चालाव-बानाव आर जेलजोतोन लागित् अनुबंध, जसीडीह रेलवे स्टेशन। (2) **स्लीपिंग पॉड रेयाक्** लाहान्ती, चालाव-बानाव आर जेलजोतोन लागित् अनुबंध, सिमुलतला रेलवे स्टेशन। (3) **ऐप आधारित कैब/बाइक बुकिंग कियोस्क** लागित् अनुबंध, जसीडीह, बैद्यनाथ धाम आर देवघर रेलवे स्टेशन (मिमित् रेयाक् क्षेत्रफल 36 वर्गफुट)। (4) **रिटेल स्टोर** बाईसाउ, चालाव-बानाव आर जेलजोतोन, एमडीजेडटीआई/भूली। जोतो गाखुड़ बोलीदाताको सूची लेका रे नोआ ई-नीलामी रेयाक् पुराउ बानाडाय आर सेलेदोक् लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** जेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

**ASN-397/2025-26**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हरिहरपुर में मिला संदिग्ध परिस्थिति में महिला का शव, पति गिरफ्तार

**धनबाद ।** गोमो के हरिहरपुर थाना क्षेत्र में महिला का शव संदेहास्पद परिस्थित में मिला। शक के आधार पर पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बुधवार की है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।मामला हरिहरपुर थाना क्षेत्र के चौरापट्टी गांव का बताया जा रहा है। आरोप है कि चौरापट्टी निवासी अल्ताफ अंसारी ने अपनी पत्नी जैनब खातून की गला घोंटकर हत्या कर दी है। घटना के बाद वह परिवार के साथ घर से फरार हो गया। सूचना मिलने पर हरिहरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। मृतका के परिजनों के अनुसार, लालूडीह गांव निवासी तौहीद अंसारी की बेटी जैनब खातून की शादी साल 2019 में अल्ताफ अंसारी से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही जैनब के साथ अक्सर मारपीट की जाती थी, जिसे लेकर गांव में कई बार पंचायत भी हुई थी। मृतक के परिजनों का यह भी कहना है कि घटना से पहले भी जैनब के साथ मारपीट की गई थी।

## 24 हजार लीटर कच्चा स्प्रिट से भरा टैंकर जब्त, ड्राइवर को भेजा गया जेल

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** धनबाद में उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध कच्चा स्प्रिट जब्त किया है। सहायक उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में करीब 24 हजार लीटर कच्चा स्प्रिट से भरे एक टैंकर को पकड़ा गया है।उत्पाद विभाग की टीम ने तोपचांची थाना क्षेत्र के कोटाल अड्डा स्थित नेशनल हाईवे पर जीओ पेट्रोल पंप के पास छापेमारी की। इस दौरान नागालैंड नंबर हरु01-रु1775 टैंकर को रोककर जांच की गई, जिसमें भारी मात्रा में कच्चा स्प्रिट बरामद हुआ।जांच के दौरान टैंकर चालक से पूछताछ की गई, जिसमें उसने



खुलासा किया कि इस स्प्रिट को गिरिडीह और हजारीबाग के नकली शराब कारोबारियों के पास सप्लाई किया जाना था। यह खुलासा होते ही विभाग ने तुरंत टैंकर को जब्त कर लिया।उत्पाद विभाग ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। फिलहाल पूरे मामले की गहन जांच जारी है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## गैस सिलेंडर के लिए उमड़ी भीड़ बुधुडीह गोदाम पर लंबी कतारें



**जामताड़ा।** जिले के बुधुडीह स्थित गैस गोदाम में बुधवार को उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया। बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन को मौके पर पुलिस बल तैनात करना पड़ा, जो पूरे समय व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय रहा।स्थानीय उपभोक्ता नसीम अंसारी ने बताया कि वे सुबह से लाइन में खड़े हैं और काफी इंतजार के बाद भी अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि गैस की आपूर्ति अनियमित होने के कारण लोगों को ऐसी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।गोदाम के बाहर वाहनों की लंबी कतार भी लगी रही, जिससे आवागमन पर भी असर पड़ा। हालांकि पुलिस की निगरानी में धीरे-धीरे गैस वितरण का कार्य जारी रहा और लोगों को सिलेंडर उपलब्ध कराए गए।स्थिति भले ही नियंत्रित रही, लेकिन घंटों इंतजार से उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी गई। लोगों ने प्रशासन से नियमित आपूर्ति और बेहतर व्यवस्था की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दिक्कतों से बचा जा सके।

## जामताड़ा में तीन पुलों का औचक निरीक्षण खामियों पर डीसी ने जताई नाराजगी

**जामताड़ा।**जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद ने बुधवार को अधिकारियों की टीम के साथ जामताड़ा सदर प्रखंड अंतर्गत निर्माणाधीन तीन पुलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इनमें दो पुल एनएच के तहत तथा एक विशेष प्रमंडल द्वारा बनाए जा रहे हैं।निरीक्षण के दौरान बुधुडीह स्थित एनएच-419 पर बन रहे पुल के एक हिस्से के क्षतिग्रस्त पाए जाने पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मामले की जांच के आदेश देते हुए स्पष्ट कहा कि दोषी अधिकारियों, कर्मियों या संवेदकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही निर्माण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी भी दी।अन्य पुलों की जांच में भी कई तकनीकी कमियां सामने आईं, जिस पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंताओं और संवेदकों को तुरंत सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं होगा।इस निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, अंचल अधिकारी अविश्वर मुर्मू सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

# जामताड़ा में छह साइबर ठग मास्टरमाइंड आरोपी गिरफ्तार, करोड़ों की ठगी उजागर

संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा ।** जामताड़ा पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक संगठित ठग गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद विशेष टीम बनाकर कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के पदमडीह गांव के पास जंगल में छापेमारी की गई, जहां आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों में उज्जवल कुमार शाही,




राजेंद्र मंडल, राज किशोर शाही, अजीत कुमार मंडल, अमित कुमार शाही और कुंदन कुमार मंडल शामिल हैं। इनके पास से 13 मोबाइल, 18 सिम कार्ड, 4 बाइक और एक लैपटॉप बरामद हुआ है।पुलिस के अनुसार, उज्जवल शाही इस गिरोह का सरगना है, जिसने अब तक दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया। आरोपी फर्जी कस्टमर केयर नंबर के जरिए लोगों को जाल में फंसाते थे। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, जबकि आगे पूछताछ जारी है।

## मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में प्रोन्नत करने की मांग

संताल एक्सप्रेस

**करमाटांड़ ।** करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के ताराबाहल पंचायत के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपायुक्त रवि आनंद से मुलाकात कर मध्य विद्यालय निजकजरा को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।प्रमुख मांगें और तर्क वार्ता का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किसान एवं झारखंड आंदोलनकारी शंकर भंडारी ने उपायुक्त को क्षेत्र की भौगोलिक और शैक्षणिक समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रकाश डालाꞈछात्र संख्याꞈ वर्तमान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय निजकजरा में लगभग 277 विद्यार्थी नामांकित हैं।संसाधनꞈ विद्यालय के पास



लगभग डेढ़ एकड़ अपनी भूमि उपलब्ध है, जो उच्च विद्यालय की अर्हताओं को पूरा करती है।दूरी की समस्याꞈ विद्यालय के 6 किलोमीटर के दायरे में कोई अन्य उच्च विद्यालय नहीं है। इस कारण आठवीं कक्षा के बाद छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं को पढ़ाई जारी रखने में भारी कठिनाई होती है या पढ़ाई छोड़नी पड़ती है।उपायुक्त का आश्वासनप्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उपायुक्त रवि आनंद ने सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रोन्नति के लिए आवश्यक सभी मानक अर्हताओं की जांच कर कागजी कार्रवाई जल्द पूरी की जाएगी। साथ ही, उन्होंने संबंधित वरीय पदाधिकारियों को इस मामले में त्वरित संज्ञान लेने और आवश्यक निर्देश जारी करने का भरोसा दिलाया।प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप सेꞈ पंचायत समिति सदस्यꞈ परमेश्वर दास मुखियाꞈ शांति मरांडी (ताराबाहल)मुखिया प्रतिनिधिꞈ सुनील बास्की (बारादाहा), सनातन सोरेन (मोहनपुर)आंदोलकारी एवं ग्रामीणꞈ जगत नारायण महतो, रामटहल दास, बिनोद महतो, मुरारी महतो, जयदेव महतो, भोला प्रसाद महतो, दामोदर महतो, भोला मंडल, परिमल मंडल और दिवाकर महतो आदि।ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस पहल से क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों का भविष्य संवरेगा और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए मीलों दूर नहीं भटकना पड़ेगा।

## 14 वाहनों को डीसी-एसपी ने दिखाई हरी झंडी

**जामताड़ा।** जिले की पुलिसिंग व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में बुधवार को बड़ा कदम उठाया गया, जब राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त 14 नए चारपहिया वाहनों को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद और पुलिस अधीक्षक राज कुमार मेहता संयुक्त रूप से उपस्थित रहे।उपायुक्त रवि आनंद ने कहा कि इन नए वाहनों के जुड़ने से पुलिस की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों तक त्वरित पुलिस सेवा पहुंचाना आसान होगा और कानून-व्यवस्था को बेहतर ढंग से संभाला जा सकेगा।वहीं पुलिस अधीक्षक राज कुमार मेहता ने बताया कि आधुनिक संसाधनों से लैस इन वाहनों के कारण पुलिस की प्रतिक्रिया समय में तेजी आएगी, जिससे अपराध नियंत्रण और आम नागरिकों की सुरक्षा को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार भी व्यक्त किया।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), एसडीपीओ जामताड़ा, एसडीपीओ नाला सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## पत्रकारिता पर सेमिनार का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस /साहिबगंज ।** जिला जनसंपर्क कार्यालय सभागार में बुधवार को पत्रकारिता समाज का दर्पण, राष्ट्र की आवाज विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया. इसकी अध्यक्षता जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार दास ने की.इस दौरान कई पत्रकारों ने कई विषयों पर अपना विचार रखते



हुए कहा कि पत्रकारिता आज भी सशक्त है और दबे-कुचलों व जरूरतमंदों की आवाज उठा रहा है. जिम्मेदारी के साथ सरकार व समाज के बीच पुल का काम कर रहा है. सुनील ठाकुर ने मीडिया में नैतिकता विषय पर बात रखते हुए पत्रकारिता में गिरावट पर चिंता जतायी. कहा कि राजनीतिक दबाव व अन्य किसी कारण से वन साइडेड खबर नहीं बनाएं. बदलते दौर में भी पत्रकारिता में नैतिकता बनाये रखें.प्रवीण कुमार ने क्षेत्रीय व स्थानीय मीडिया का महत्व विषय पर कहा कि क्षेत्रीय मीडिया जमीन से जुड़ी है इसका महत्व आज भी ज्यादा है.प्रमोद निरंजन ने मीडिया की भूमिका जबकि पारंपरिक मीडिया कंटेंट जुटाने में बहुत मेहनत कर लोगों के सामने खबर प्रस्तुत करती है.डॉ प्रणेश ने मीडिया की विश्वसनीयता व फेंक न्यूज विषय पर कहा कि विश्व में अब तक पारंपरिक मीडिया का बोलबाला था.लेकिन ब्रेकिंग के चक्कर में गड़बड़ी होती गई. पवन कुमार राय ने डिजिटल युग में मीडिया की चुनौती विषय पर कहा कि कई चुनौती का सामना पत्रकारों को करना पड़ता है. प्रिंट व इक्ट्रॉनिक मीडिया के इतर सोशल मीडिया सनसनीखेज खबरों का प्रसारण करती है।

## राष्ट्रीय अल्पबचत अभिकर्ता संघ का सम्मेलन सम्पन्न

संताल एक्सप्रेस

**साहिबगंज ।** प्रदेश स्तरीय राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ का सम्मेलन एवं चुनाव रांची स्थित दी रॉयल गार्डन में आयोजित किया गया. इस अवसर पर विभिन्न जिलों के अभिकर्ताओं ने भाग लिया और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई. सम्मेलन में साहिबगंज जिला संगठन को उत्कृष्ट संगठनात्मक कार्य के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.वहीं जिला अध्यक्ष चंदन कुमार रमानी को जिले में संतुलित एवं प्रभावी संगठन संचालन के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया. मंच से पुरस्कार ग्रहण करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं बल्कि पूरे



साहिबगंज जिले के अभिकर्ताओं की एकजुटता और संगठन के प्रति विश्वास का परिणाम है.उन्होंने भरोसा जताया कि अगली बार साहिबगंज प्रथम स्थान हासिल करने का प्रयास करेगा. सम्मेलन में साहिबगंज से नंदकिशोर दास, प्रमोद कुशवाहा, रेणु रानी, राकेश तिवारी, बृजमोहन केशरी, उत्तम कुमार चांद, मुकेश कुमार गुप्ता, राम प्रसाद रक्षित, कार्तिक महतो सहित करीब 45 अभिकर्ताओं मौजूद थे.

## दिव्यांग के बीच ट्राई साइकिल वितरण

**नाला( जामताड़ा) ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के सचिव पवन कुमार के मार्गदर्शन में संचालित विधिक सहायता केंद्र, प्रखंड परिसर नाला के माध्यम से बुधवार को दिव्यांग रघुनाथ सोरेन को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर



विधिक सहायता केंद्र, प्रखंड परिसर नाला में प्रतिनियुक्त पीएलवी अमित कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। उनके प्रयास एवं पहल के साथ-साथ सीडीपीओ ग्लोरिया एक्का के त्वरित सहयोग से संबंधित विभाग द्वारा दिव्यांग को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई।मौके पर सीडीपीओ ग्लोरिया एक्का ने कहा कि दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाना हमारी प्राथमिकता है। इस प्रकार की सहायता से वे सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकते हैं।इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। ट्राई साइकिल मिलने से लाभार्थी के दैनिक जीवन में आवागमन सुगम होगा और वे अपने कार्य अधिक स्वतंत्रता के साथ कर सकेंगे।इस अवसर पर पूर्णिमा मंडल, मंजु सोरेन, कौशिक भट्टाचार्य एवं राधानाथ मुखर्जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आगामी 29 मार्च को होने वाले मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप को लेकर बैठक

**गोड्डा ।** व्यवहार न्यायालय कार्यालय कक्ष में बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गोड्डा रमेश कुमार की अध्यक्षता में आगामी 29 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप के सफल आयोजन को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित



की गई।बैठक में उपविकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मेगा लीगल एंपावरमेंट कैंप के आयोजन की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनों, विशेषकर गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को निःशुल्क एवं सुलभ विधिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें एवं न्याय प्राप्त कर सकें।उन्होंने निर्देश दिया कि शिविर में अधिक से अधिक मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, जिसमें राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, श्रम, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, बैंकिंग एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित समाधान किया जा सके। साथ ही, लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ दिलाने हेतु सभी विभाग सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया तथा कहा कि शिविर को जनोपयोगी एवं प्रभावी बनाने के लिए पूर्व से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं।

## मैट्रिक मूल्यांकन केंद्र का डीईओ ने किया निरीक्षण

**गोड्डा ।** मैट्रिक परीक्षा के मूल्यांकन कार्य को लेकर जिला प्रशासन की सख्ती साफ नजर आ रही है। इसी कड़ी में महागामा स्थित जयनारायण उच्च विद्यालय में बनाए गए मैट्रिक मूल्यांकन केंद्र पर जिला शिक्षा



पदाधिकारी मिथिला टुडू ने औचक निरीक्षण कर पूरे सिस्टम की हकीकत को परखा। उनके अचानक पहुंचने से केंद्र में हलचल तेज हो गई और हर स्तर पर व्यवस्थाओं की गहन जांच की गई। गौरतलब है कि गोड्डा जिला के लिए महागामा का यह केंद्र बेहद महत्वपूर्ण है, जहां विभिन्न जिलों से मैट्रिक की हजारों कॉपियां मूल्यांकन के लिए लाई गई हैं। इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अलग-अलग विद्यालयों से शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो लगातार कॉपियों के मूल्यांकन में जुटे हैं। निरीक्षण के दौरान डीईओ मिथिला टुडू ने किसी भी औपचारिकता से परे हटकर एक-एक कक्ष में जाकर मूल्यांकन कार्य की बारीकी से जांच की। उन्होंने शिक्षकों से सीधे संवाद कर मूल्यांकन की प्रक्रिया, पारदर्शिता और गुणवत्ता को लेकर सवाल-जवाब किए। साथ ही कॉपियों के रख-रखाव और जांच की गति पर भी विशेष ध्यान दिया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पर खास नजर निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विद्यालय के स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया, जहां विभिन्न जिलों से आई मैट्रिक की कॉपियों को सुरक्षित रखा गया है। डीईओ ने सुरक्षा व्यवस्था, गोपनीयता और निगरानी प्रणाली की जांच करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिक्षकों ने बताई जमीनी हकीकत विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने निरीक्षण के दौरान बताया कि केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं बेहतर हैं और उन्हें हर जरूरी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## अवैध देशी-विदेशी नकली शराब मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**सुंदरपहाड़ी ।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत घटियारी में बीते दिनों अवैध देशी एवं विदेशी नकली शराब बरामदगी मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते दिन 31 जनवरी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध देशी एवं विदेशी नकली शराब बरामद की गई थी। इस संबंध में सुंदरपहाड़ी थाना कांड संख्या 06/26 के तहत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने त्वरित अनुसंधान शुरू किया था।अनुसंधान के क्रम में कांड के नामजद अभियुक्त मिथुन कुमार मंडल, उम्र 32 वर्ष एवं आशिष कुमार मंडल उर्फ आशित कुमार मंडल, उम्र 28 वर्ष, दोनों पिता चामु मंडल, निवासी मंडल टोला, थाना सुंदरपहाड़ी, जिला गोड्डा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।इस छापेमारी अभियान का नेतृत्व सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी पुअनि बिधान चंद पटेल कर रहे थे। उनके साथ पुअनि राजीव कुमार, पुअनि बेतुएल लकड़ा एवं थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे। वहीं इस मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

## छोटोलिया में जल महोत्सव दिवस मनाया गया

**संताल एक्सप्रेस नाला (जामताड़ा) ।** कास्ता धोबना ग्रामीण जलापूर्ति योजना डब्लूटीपी छोटोलिया में प्रमंडलीय स्तरीय जल अर्पण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार मौजूद थे। मालूम हो कि कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों के



आगमन होते ही जलसहिया एवं अन्य कर्मियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कास्ता धोबना ग्रामीण जला पूर्ति योजना के इस कार्यक्रम में सभी जल सहिया मौजूद थी। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा जल रक्षा सूत्र बांधा गया एवं जलसहिया को जल जांच किट का वितरण किया गया एवं जल बंधन के तहत शपथ ग्रहण कराया गया स्कूली बच्चों को लेकर के जल जागरुकता रैली निकाली गई । उन्होंने कहा कि जल अर्पण दिवस एक महत्वपूर्ण आयोजन है जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और जल स्रोतों के महत्व को बढ़ावा देना है। कहा की यह दिवस जल जीवन मिशन के तहत मनाया जाता है, जिसका लक्ष्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है।इस दिवस के दौरान, विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाता है, जैसे कि जल स्रोतों का संरक्षण, पानी की बर्बादी रोकना, और संतुलित उपयोग। यह आयोजन जल संरक्षण को एक जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है की समाज में सहभागिता एवं उनके प्रयासों एवं उनके सराहनीय कार्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जामताड़ा ने जल महोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्कूली बच्चे जलसहिया को जल से संबंधित जानकारी दिया गया ।

## बसंतराय में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस /बसंतराय ।** प्रखंड क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द की एक मिसाल पेश करते हुए बुधवार की शाम दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला परिषद सदस्य



सह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रखंड अध्यक्ष एहतेशामुल हक द्वारा उनके आवास पर किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में रोजेदारों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री सह गोड्डा विधायक संजय प्रसाद यादव शामिल हुए। उनके आगमन पर आयोजकों और स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पवित्र रमजान के अवसर पर आयोजित इस इफ्तार में बसंतराय सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में रोजेदार पहुंचे। आयोजन स्थल पर पारंपरिक व्यंजनों के साथ इफ्तार की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर मंत्री संजय प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि रमजान का महीना संयम, त्याग और भाईचारे का संदेश देता है।

## महागामा नपं में नवनिर्वाचित अधिकारियों की हुई पहली बोर्ड बैठक

**महागामा ।** नगर पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को सभागार में आयोजित पहली बोर्ड बैठक ने विकास की नई दिशा तय कर दी है। अध्यक्ष प्रबोध सोरेन महोदय की अध्यक्षता में हुई इस अहम बैठक में 17 वार्डों के



पार्षदों ने भाग लेकर अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं और जरूरतों को मजबूती से रखा। यह बैठक केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं रही, बल्कि नगर के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने का एक बड़ा मंच बन गई। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष प्रबोध सोरेन ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ उन्हें चुना है, उसे निभाना ही अब सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हर वार्ड, हर गली और हर मोहल्ले तक विकास पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।वहीं बैठक में 17 वार्डों से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। पार्षदों ने जलापूर्ति की बदहाल स्थिति, जर्जर सड़कों, नालियों की सफाई, जलजमाव, स्ट्रीट लाइट की कमी और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप जैसी गंभीर समस्याओं को सामने रखा। कई वार्डों में महीनों से लंबित कार्यों पर भी सवाल उठाए गए। अध्यक्ष प्रबोध सोरेन ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अब किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि सभी 17 वार्डों के लिए अलग-अलग विकास योजना तैयार की जाएगी। इसके तहत सड़क, पानी, सफाई, रोशनी और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों पर चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। वहीं विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नियमित समीक्षा बैठक करने पर भी सहमति बनी। कहा गया कि हर वार्ड के प्रगति की निगरानी की जाएगी और जनता को भी कार्यों की जानकारी दी जाएगी, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

## टोटो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**मेहरमा ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मंडरो- मिर्जाचौकी मुख्य सड़क पर बुधवार को तेज गति से आ रही टोटो रिक्शा ने बाइक को ठोकर मार दिया जिसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर एक मैजिक वाहन से टकरा गया। दुर्घटना में बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना पर आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए भगैया स्थित एक निजी क्लीनिक में उपचार कराया गया वहीं डॉक्टर ने स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।घटना की सूचना पाकर मिर्जाचौकी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। दुर्घटना में दोनों घायल युवक की पहचान पीरपैंती थाना क्षेत्र के किसनीचक गांव निवासी के रुप में हुई है।

## साहिबगंज अधिवक्ता संघ चुनाव की सरगर्मी बढ़ी

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिला अधिवक्ता संघ का 2026 -28 सत्र का चुनाव को लेकर नामांकन पत्र बिक्री एवं दाखिला का कार्य प्रारंभ हो गया. बुधवार को अध्यक्ष पद के दो नामांकन पत्र ललित स्वदेशी एवं मुनी लाल मंडल ने खरीदा है. मुनी लाल मंडल ने आज अपना नामांकन पत्र दायर भी कर दिया है.जबकि कार्यकारिणी के लिए आवेदन करने हेतु दो सदस्य ने नामांकन पत्र खरीदा है इनमें पवेंद्र रितेश कुमार एवं सुभाष कुमार गुप्ता है.

## सीएचसी में महीनों से बंद पड़ी है एक्स-रे सेवा

**साहिबगंज -बरहरवा ।** बरहरवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. यहां एक्स-रे मशीन पिछले कई महीनों से बंद पड़ी है.जिससे आम लोगों को इलाज व एक्स-रे कराने के लिए बाहर के निजी केंद्रों या दूसरे शहरों का सहारा लेना पड़ रहा है.इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत बरहरवा की अध्यक्ष अर्पिता दास ने सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान को पत्र लिखकर तत्काल समाधान की मांग की है. उन्होंने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि एक्स-रे मशीन टेक्नीशियन के अभाव में काम नहीं कर रही है. जिससे मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.पत्र के माध्यम से उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द टेक्नीशियन की नियुक्ति कर एक्स-रे सेवा को पुनः शुरू कराया जाएं .ताकि स्थानीय लोगों को समय पर जांच सुविधा मिल सके.इधर स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में इस तरह की बुनियादी सुविधा का बंद रहना व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है. लोगों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस समस्या को जल्द दूर करेगा. जिससे मरीजों को राहत मिल सके.

## रक्सो रोड जाम मामले में एक गिरफ्तार

**बोरियो ।** बोरियों थाना पुलिस ने रक्सो रोड जाम मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि रक्सो रोड जाम कांड मामले में 10 लोगो के ऊपर नामजद एवं लगभग 50 अज्ञात लोगो के ऊपर बोरियो थाना कांड संख्या 12/26 के तहत प्राथमिकी हुई थी. जिसमें नामजद अभियुक्त रक्सो निवासी अभियुक्त गोहिया उर्फ हीरालाल ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.

## महागामा में चला वाहन जांच अभियान

**महागामा ।** प्रखंड थाना गेट के सामने पुलिस द्वारा चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अचानक शुरू हुए इस अभियान के कारण वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल देखा गया,



वहीं नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की गई। जानकारी के अनुसार, यह विशेष अभियान सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और बढ़ती दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। थाना गेट पर बैरिकेडिंग कर पुलिस टीम ने एक-एक वाहन को रोककर गहन जांच की। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाण पत्र की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान कई वाहन चालक बिना हेलमेट, बिना कागजात और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े गए। पुलिस ने ऐसे लोगों पर जुर्माना लगाते हुए सख्त चेतावनी दी कि आगे से नियमों का पालन नहीं करने पर और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कुछ मामलों में ऑन-द-स्पॉट चालान भी काटा गया। अचानक हुए इस अभियान से खासकर युवाओं और बिना कागजात वाहन चलाने वालों में हड़कंप मच गया।

## गोड्डा में शांति समिति की बैठक

**गोड्डा ।** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की



गई। बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक रविदास के नेतृत्व में तथा अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा वैधनाथ उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि सभी जुलूस निर्धारित समय एवं तय रूट के अनुसार ही निकाले जाएं। जुलूस के दौरान वीडियोग्राफर रखने के साथ-साथ वोलेंटियर की तैनाती भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

## नवमी यज्ञ पूर्णाहुति और महावीर झंडा नगर भ्रमण

**बरहरवा/पतना।** प्रखंड क्षेत्र स्थित पावन तीर्थ बिन्दुधाम में इस वर्ष भी मां बिध्यवासिनी की पूजा-अर्चना को लेकर आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है.गुरुवार को चैत्र नवरात्र के अवसर पर विधिवत कलश स्थापना के साथ धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ हो जाएंगा.आयोजन समिति के अनुसार 23 मार्च को अग्नि प्रवेश का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इसके बाद 27 मार्च को नवमी के दिन यज्ञ की पूर्णाहुति दी जाएगी तथा श्री महावीर झंडा का भव्य नगर भ्रमण निकाला जाएगा. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे.इस पूरे धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर की तलहटी में विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता है. यह मेला करीब एक माह तक चलता है. जहां दूर-दराज से आए श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग खरीदारी, खान-पान और मनोरंजन का आनंद लेते हैं।बिन्दुधाम का यह वार्षिक आयोजन क्षेत्र में आस्था, श्रद्धा और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक माना जाता है. जिसमें हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं.


**पूर्व रेलवे**

**ठिका खोबोर सं.: ईएल-03-26, माहित 17.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिकादारको जाहांय ठेन चालु बिद्युत ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्आ आर लातार रे ओलाकान कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **ठिका खोबोर सं.: ईएल-03-26, कामी रेयाक् जुतुम आर नोआ रेयाक् जायगाः** आसनसोल मंडलः मित् बोछोर (काउडी सेरमा 2026-27) लागित् एसएसई/इलेक्ट (जी)/आसनसोल तारी रे जुदा-जुदा बिजली कामी अनुबंध। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 1,00,00,447.50, **बायना पायसाः** रु. 2,00,000/-, **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** शून्य। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 10.04.2026 हिलोक् 11.00 बजे। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

**ASN-396/2025-26**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनासेल, पिन- होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् खुला ठिका खोबोर सं.: **47-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, माहित 17.03.2026** तारी रे ई-ठिका नेवतायेत् काना। **कामी रेयाक् जुतुम/जायगाः** ''आसनसोल मंडल - आसनसोल मंडल रे अण्डाल-सांईथिया आर अण्डाल-सीतारामपुर (बीबीआई सेक्शन सेच् ते) रे मारेयाक् एससीएडीए सिस्टम बोदोल आर नोआ सांवते साइबर सुरक्षा लागूय''। ठिका रेयाक् पूंजीः रु. 2,20,48,404.95, बायना पायसाः रु. 2,60,300/-, कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः एलओए जारीक् रेयाक् तारीक खोन 18 चान्दो। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 09.04.2026 हिलोक् 14.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बानाडायः** **http://www.ireps.gov.in**

**ASN-395/2025-26**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंड़े पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बुरी तरह फंसे दुनिया के दादा ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति का पद संभाला उसके बाद से उनका अहंकार चरम पर पहुंच गया। वह अपने आपको शांति का मसीहा बताना चाहते थे। सारी दुनिया में ट्रंप को एक विश्व गुरु के रूप में जाना जाए इसके लिए उन्होंने वह सब प्रयास किया जो वह कर सकते थे। अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में वह राजनेता कम एक गैंगस्टर के रूप में ज्यादा नजर आए। पद संभालते ही उन्होंने यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को बंद कराने की कोशिश की। इजरायल और हमास के बीच चली जंग को लेकर वह इजरायल के पक्ष में खड़े हुए। गाजा को पूरी तरह से समाप्त करके वहां अमेरिकी कॉलोनी बनाने का प्रयास किया। उन्होंने सारी दुनिया के देशों में अपने परिवार के व्यापार को बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति पद का उपयोग किया। वह चाहते हैं, कि अमेरिका के वह तीसरी बार राष्ट्रपति बने, इसके लिए उन्होंने सारी दुनिया में अपनी ताकत का परचम फहराने की तो कोशिश की, सबसे पहले उन्होंने टैरिफ के माध्यम से सारी दुनिया के देशों को भयाक्रांत किया। अमेरिका की दादागिरी बताकर दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश की, लेकिन उनके अहंकार और दादागिरी के कारण उनका हर दांव उल्टा पड़ता चला गया। आज डोनाल्ड ट्रंप अपने ही बनाये हुए मकड़जाल में फंसकर फड़फड़ा रहे हैं, लेकिन अब वह सामान्य व्यक्ति की तरह जिंदा रह पाएंगे या नहीं, इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दोस्ती उन्हें इतनी भारी पड़ेगी इसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। सत्ता के नशे में डूबे हुए डोनाल्ड ट्रंप अब अपनी कुर्सी बचाने के लिए ही संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। दरअसल इजरायल के उकसावे पर उन्होंने ईरान पर हमला किया। उन्होंने ईरान पर वेनेजुएला की तरह कब्जा करने की कोशिश की। वहां पर विद्रोह करवाने की साजिश रची। लेकिन कहते हैं जब अंत समय आता है उस समय बुद्धि सबसे पहले खराब होती है। लगता है यही ट्रंप के साथ हुआ। जैसे ही ईरान के सुप्रीमो आयतुल्लाह खामेनेई को सत्ता छोड़ने के लिए धमकाया गया और बाद में उनकी हत्या कर दी गई। एक स्कूल में हमला करके 180 से ज्यादा मासूम बच्चियों की हत्या कर दी गई। उसके बाद लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के पाप का घड़ा भर गया है। फिलिस्तीन में भी बड़ी संख्या में निर्दोष महिलाओं और बच्चों की हत्या इजरायल द्वारा की गई थी। बीमार, मजबूर लोगों तक खाना नहीं पहुंचने दिया गया। अस्पताल में इलाज करा रहे बच्चे, बुजर्ग और महिलाओं को हमला करके मार दिया गया। वही सब पाप अब दोनों नेताओं के अस्तित्व को समाप्त करने जा रहे हैं। ईरान युद्ध में अमेरिका पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया है। सभी सहयोगियों ने डोनाल्ड ट्रंप का साथ छोड़ दिया है। नाटो और यूरोपीय देशों को डोनाल्ड ट्रंप धमका रहे हैं, लेकिन इसका अभी कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और इटली ने युद्ध में कूदने से इनकार कर दिया है। सारी दुनिया के देशों में हाहाकार मचा हुआ है। यहां तक कि खाड़ी के देश जहां अमेरिका ने एक तरह से अपना कब्जा जमा लिया था वह भी अमेरिका के पक्ष में खड़े नहीं हो रहे हैं। दूसरी ओर ईरान के पक्ष में चीन, रूस, उत्तर कोरिया और अन्य कई देश प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से खड़े होकर उसका समर्थन कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के साथी भी अब उनका साथ छोड़कर भाग रहे हैं। रही सही कसर अमेरिका में तेजी से बढ़ रही महंगाई पूरी किए दे रही है। बिना कांग्रेस की अनुमति के उन्होंने अपनी जिद में

# युद्ध की आग में झुलसा बेगुनाह मासूमों का जीवन



**मनोज कुमार अग्रवाल**

दुनिया भर में हर संघर्ष में सबसे बड़ी मार बचपन पर पड़ रही है चाहे इजरायल हमास गाजा का संघर्ष रहा हो चाहे सीरिया लेबनान ईरान में हुए टकराव सबसे बड़ी कीमत बच्चों को चुकानी पड़ रही है। एशिया में बढ़ते युद्ध का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है.मौजूदा टकराव में कई सौ बच्चे मिसाइल हमलों से मौत की नींद सो चुके हैं जबकि लाखों बच्चे बेघर हो गए हैं वहीं लाखों बच्चों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है उनकी स्कूली शिक्षा में रुकावट आ गयी है और वह दहशत के साए में असुरक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यह सब इक्कीसवीं सदी की कथित शिक्षित विकासशील दुनिया में हो रहा है यह बता रहा है कि दुनिया का इंसान विज्ञान विकास और प्रगति के कितने भी दावे करे लेकिन वह सब बेमानी है जब कथित लोकतांत्रिक और ताकतवर देश दुनिया में हठधर्मी अराजकता फैलाए मनमाने टैरिफ वसूली करे तब दुनिया की अंतराष्ट्रीय संगठन और संस्थाएं सिर्फ बगले झांकने का काम कर रहीं हैं तब तमाम मानवतावादी विचार और मानवाधिकारों की बाते भोथरी और खोखली बेमानी बन कर रह जाती है।

आपको बता दें संयुक्त राष्ट्र की बाल एजेंसी ने चेतावनी दी है कि लगातार बढ़ती हिंसा से लाखों बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ गई है. इसी बीच ईरान के राष्ट्रपति ने भी शांति की बात करते हुए युद्ध खत्म करने के लिए कुछ शर्तें सामने रखी हैं अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमलों की शुरुआत की थी। इस दौरान एक अमेरिकी मिसाइल मीनाब के शजारेह तैयबा स्कूल पर जाकर गिरी थी। इस हमले में 168 बच्चे और 14 शिक्षक मारे गए थे। मरने वालों में ज्यादातर छात्राएं थीं। इस हमले की पूरी दुनिया में खूब निंदा की गई थी। अमेरिका भी मामले की जांच कर रहा है।दुनिया भर में चर्चा चल रही है कि क्या ये युद्ध अपराध की श्रेणी में आ सकता है? आपको बता दें कि यूनिसेफ ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष से पूरे पश्चिम एशिया में बच्चों की स्थिति बहुत गंभीर हो गई है. एजेंसी के अनुसार 28 फरवरी से अब तक हिंसा में एक हजार एक सौ से ज्यादा बच्चे घायल हुए हैं या उनकी मौत हो गई है. इनमें से लगभग दो सौ बच्चों की मौत ईरान में हुई है. वहीं इक्यानबे बच्चों की मौत लेबनान में हुई है. इसके अलावा चार बच्चों की मौत इजरायल में और एक बच्चे की मौत कुवैत में हुई है.

रिपोर्ट्स के अनुसार यूनिसेफ ने



चेतावनी दी है कि अगर हिंसा इसी तरह बढ़ती रही तो मरने और घायल होने वाले बच्चों की संख्या और बढ़ सकती है. संस्था ने यह भी बताया कि इस संकट के कारण लाखों बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं. शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बाधा के कारण पूरे क्षेत्र में लाखों बच्चे स्कूल से वंचित हो गए हैं, जबकि सैकड़ों हजारों बच्चे लगातार बमबारी के कारण विस्थापित हो गए हैं। अस्पतालों, स्कूलों और पानी और स्वच्छता प्रणालियों सहित नागरिक बुनियादी ढांचे, जिन पर बच्चे का जीवन निर्भर हैं, दोनों पक्षों द्वारा हमले किए गए हैं, उन्हें नुकसान पहुंचाया गया है या नष्ट कर दिया गया है। बच्चों की हत्या और उन्हें अपंग करना, या उन जरूरी सेवाओं पर हमला कर बर्बाद करना, जिन पर बच्चे निर्भर हैं, किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता।लगातार बमबारी के कारण लाखों परिवारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं और सैकड़ों हजार बच्चे बेघर हो गए हैं.इजराइल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि बच्चों की हत्या या उन्हें घायल करना किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता. संस्था ने यह भी कहा कि बच्चों के लिए जरूरी सेवाओं को नष्ट करना या बाधित करना भी गलत है. यूनिसेफ के अनुसार पूरे क्षेत्र में लगभग बीस करोड़ बच्चे हैं और वे उम्मीद कर रहे हैं कि दुनिया जल्द कदम उठाएगी.

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि हिंसक टकराव की वजह से पूरे मध्य पूर्व क्षेत्र में स्वास्थ्य प्रणालियों पर दबाव बढ़ रहा है और उपचार के लिए सेवाएँ सीमित होती जा रही हैं. लेबनान में हिज़बुल्लाह लड़ाकों और इसराइली सैन्य बलों में लड़ाई के बीच 11 हज़ार से अधिक गर्भवती महिलाएँ प्रभावित हैं और प्रवासी कामगारों के लिए भी जोखिम बढ़ रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार लेबनान में 11,600 महिलाओं पर इस टकराव का असर हुआ है, जिनमें से 4 हज़ार अगले तीन महीनों के दौरान बच्चों को जन्म देंगी. ईरान पर इसराइली व अमेरिकी हवाई हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई से मध्य पूर्व में भड़के भीषण टकराव ने लेबनान, कुवैत, बहरीन, क़तर, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ओमान समेत इस क्षेत्र में स्थित अनेक देशों को अपनी चपेट में ले लिया है.

शांति और मानवाधिकारों की तमाम अवधारणाओं और अंतरराष्ट्रीय कानून व मान्यताओं को दरकिनार कर स्कूली बच्चों और अस्पतालों में इलाज करा रहे रोगियों पर मिसाइल हमले इस खूनी मानसिकता की दरिंदगी भरी गाथा को उजागर कर रहे हैं। अपने स्वार्थ और सनक के चलते कई देशों के सत्ताधारी इंसानियत बेगुनाहों और मजलूमों को दिन रात रौंद कर क्रूरता और वहशीपन का नया इतिहास लिख रहे हैं जिसे आने वाली सदियों तक पीढ़ियां भुगतान करने के लिए मजबूर होगीं। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 38 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं)

## पाकुड़ की खबरें

### मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

संताल एक्सप्रेसपाकुड़। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने अपने कार्यकाल कक्ष में बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक की। बेठक में ईद,सरहुल व रामनवमी पर्व के दौरान विधि व्यवस्था की तैयारी की समीक्षा की गई। इस दौरान एसपी ने कहा कि सभी संवेदनशील स्थानों में सी.सी.टी.वी. कैमरा से निगरानी रखने, जुलूस के दौरान ड्रोन से निगरानी रखने, जुलूस मार्ग का भौतिक सत्यापन कर मार्ग में पड़ने वाले धार्मिक संवेदनशील स्थानों पर प्रयास रौशनी की व्यवस्था करवाने, प्रयास सुरक्षाबल प्रतिनियुक्त करने, जुलूस मार्ग में लटके बिजली के तार क्षतिग्रस्त खंभे एवं ईट पत्थर इत्यादि को अविलंब हटवाने तथा विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने वाले उदंड असामाजिक तत्वों पर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया साथ ही बताया कि फरवरी में प्रतिवेदित 55 कांड के अपेक्षा कुल 63 कांडों का निष्पादन किया गया एवं शेष लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षोपरांत त्वरित निष्पादन करने हेतु सभी थानाऔर ओपी प्रभारी को निर्देशित किया गया। झारखंड सरकार पुलिस मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए बोलेरो वाहन सभी थाना ओपी को उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्व में गस्ती हेतु सभी थान,ओपी को नया मोटरसाइकिल भी उपलब्ध कराया गया था।उपलब्ध कराए गए उक्त वाहनों का उपयोग कर चोरी,गृहभेदन,छिनतई जैसे घटनाओं के रोकथाम हेतु मुस्तैदी के साथ पेट्रोलिंग,सघन जांच अभियान चलाने का निर्देशित दिया। वही क्षेत्र में अवैध कोयला,पत्थर,बालू के उत्खनन, के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स के साथ नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाये। प. बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के मद्देनजर सीमावर्ती थाना/ओपी क्षेत्र में नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाते हुए सतत् निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

### पर्व के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक संपन्न, चप्पे चप्पे पर है पुलिस की नजर

पाकुड़। स्थानीय कृषि उत्पादन बाजार समिति में बुधवार को डीसी मनीष कुमार एवं एसपी निधि द्विवेदी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था, जनसुविधाओं एवं सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी से सहयोग की अपील की गई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए गए एवं प्राप्त समस्याओं के त्वरित तथा समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया गया।उन्होंने कहा कि अपने-अपने पर्वों को उत्साहपूर्वक मनाने के साथ-साथ दूसरों के त्योहारों का भी सम्मान करें—यही हमारी गंगा-जमुनी तहजीब की पहचान है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या फेक न्यूज का प्रचार-प्रसार न करें। सोशल मीडिया पर प्राप्त किसी भी सूचना को प्रशासन से पुष्टि के बाद ही साझा करें। साथ ही कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासन की व्यापक तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने शांति बनाए रखने के लिए पाँच मूल मंत्र दिए– संयम एवं सब्र रखें खबर रखें, लेकिन अफवाह न फैलाएं, सत्यापन के बाद ही सूचना साझा करें,

### पाकुड़ में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन



पाकुड़ ।प्रखड़ के ईशाकपुर मदरसा में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में रोज़ेदार, स्थानीय नागरिक और आसपास के क्षेत्रों से आए गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भाईचारे, एकता और सौहार्द से परिपूर्ण रहा।रोज़ा इफ्तार में सामूहिक भागीदारीइफ्तार के समय सभी लोग एक साथ बैठकर रोज़ा खोलने में शामिल हुए। इस दौरान आपसी प्रेम और सामाजिक एकजुटता का दृश्य देखने लायक था। लोग एक-दूसरे से मिलकर देश में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की मजबूती के लिए दुआएं करते नजर आए।

### ईद पर्व को लेकर 18 से 20 मार्च तक नो-एंट्री समय में बदलाव, रात्रि 12 बजे खुलेगा मार्ग

संताल एक्सप्रेस पाकुड़।ईद पर्व के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था एवं सुगम यातायात बनाए रखने हेतु 18 मार्च से 20 मार्च तक नो-एंट्री के समय में आंशिक बदलाव किया गया है। इस अवधि में पाकुड़ शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी, जिसे प्रतिदिन रात्रि 12:00 बजे खोला जाएगा। डीसी मनीष कुमार ने कहा कि ईद पर्व के दौरान शहर में बढ़ती भीड़-भाड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि आमजनों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## ई-केवाईसी और गैस एजेंसी के रवैया से नाराज उपभोक्ताओं ने किया विरोध

हिरणपुर( पाकुड़ ) गैस एजंसी द्वारा उपभोक्ताओं को बीते चार दिनों से गैस आपूर्ति में टालमटोल करने से नाराज पर बुधवार को हिरणपुर में रसोई गैस को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। और जमकर विरोध किया ।उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि महेशपुर के स्वर्णलता गैस एजेंसी द्वारा पिछले तीन दिनों से यह कहकर आश्वासन दिया जा रहा था कि गैस सिलेंडर हिरणपुर पहुंचा दिया जाएगा। लेकिन चौथे दिन जब वाहन पहुंचा तो उपभोक्ताओं के सामने ई-केवाईसी की अनिवार्यता रख दी गई। अचानक ई-केवाईसी की शर्त लागू किए जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ गया। तनावपूर्ण माहौल बना



रहा।उपभोक्ताओं का कहना था कि बिना पूर्व सूचना के इस तरह की प्रक्रिया लागू करना गलत है और उन्हें तत्काल गैस की आवश्यकता है।उधर सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने माहौल को शांत कराया।



उधर मोके पर मौजूद गैस एजंसी के कर्मी ने साफ कहा कि बिना ई-केवाईसी के बिना गैस वितरण संभव नही है।


### पुलिस को मिली 11 नए पेट्रोलिंग बोलेरो वाहन सुरक्षा और कानून -व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



पाकुड। राज्य सरकार से प्राप्त 11 नए पेट्रोलिंग बोलेरो वाहनों को बुधवार को डीसी मनीष कुमार एवं एसपी निधि द्विवेदी ने पारंपरिक रूप से नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से विभिन्न थाना क्षेत्र के लिए रवाना किया। इस अवसर पर डीसी ने राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री के प्रतिआभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की सुरक्षा एवं बेहतर विधि- व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। नए वाहनों के उपलब्ध होने से पुलिस की कार्यक्षमता एवं प्रतिक्रिया समय में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी। जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। एसपी ने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नए वाहनों के जुड़ने से जिले में पुलिस पेट्रोलिंग व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी। दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे कानून- व्यवस्था बनाए रखने में और मजबूती आएगी। उन्होंने कहा कि इन वाहनों के माध्यम से पुलिस की सक्रियता में वृद्धि होगी, अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी तथा आमजनों में सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी। इनका उपयोग नियमित पेट्रोलिंग, विधि- व्यवस्था संधारण एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई के लिए किया जाएगा।इस अवसर पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए, मुख्यालय डीएसपी, पाकुड़ एवं महेशपुर एसडीपीओ समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूल का वार्षिक उत्सव आयोजित



महेशपुर (पाकुड़)। क्षेत्र के ऐतिहासिक पीएमश्री अपग्रेड हाई स्कूल, देवीनगर ने अपनी स्थापना के लगभग 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। बुधवार, 18 मार्च को आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा से समां बांध दिया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन उत्सव के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने हिंदी और संथाली भाषाओं में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अपनी संस्कृति की झलक दिखाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा, जिसकी ग्रामीणों ने खूब सराहना की। प्रतिभाशाली छात्र हुए सम्मानितकार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। इसके साथ ही, विद्यालय में साल भर बेहतर उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्र-छात्राओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया ताकि अन्य बच्चे भी इससे प्रेरणा ले सकें।ग्रामीणों की रही भारी उपस्थिति

### रामनवमी अखाड़ा समिति की बैठक संपन्न, 3 बजे निकलेगी शोभायात्रा

पाकुड़ । श्री श्री 108 बजरंगबली अखाड़ा समिति रेलवे कॉलोनी पाकुड़ की एक बैठक अशोक मंडल की अध्यक्षता में आयोजित कर रामनवमी महोत्सव को शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न करने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से समिति के सक्रिय कार्यकर्ता रूपेश राम मुरारी मंडल सुशील साहा टोनी मंडल हिसाबी राय मौजूद थे। महोत्सव तैयारी को लेकर मुरारी मंडल ने कहा कि रामनवमी आस्था परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है।नगर में यह पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ विगत 65 वर्षों से मनाया जा रहा है ।26 मार्च को रामनवमी महोत्सव के शुभ अवसर पर अपराह्न 3:00 बजे अखाड़ा स्थल रेलवे कॉलोनी से नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी जो कैलाश नगर सिंधी पड़ा विवेकानंद चौक गांधी चौक पाकुड़ रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर अंबेडकर चौक पंचमुखी हनुमान मंदिर माल पहाड़ी रोड बिरसा चौक हाटपाड़ा होते हुए नगर थाना में समाप्त होगी, पुनः 10:00 बजे शोभायात्रा अपने स्थल रेलवे कॉलोनी की ओर प्रस्थान कर जाएगी। शोभायात्रा में बजरंगी खिलाड़ियों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों चौक चौराहा से अपना करतब दिखाएंगे।अखाड़ा समिति के कार्यकर्ताओं ने भी आम जनों से सहयोग की अपील की है ताकि सभी के सामूहिक प्रयास से रामनवमी महोत्सव को अधिक भव्य रूप से मनाया जा सके। मौके पर अनिकेत गोस्वामी सोनू रजक नितेश राम संजय राय कृष सिंह अशोक पासवान आदि मौजूदथे।

### पानी की किल्लत और सफाई व्यवस्था का परिषद उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

पाकुड़।नगर परिषद क्षेत्र के उपाध्यक्ष राणा ओझा ने बुधवार को शहर के तातीपाड़ा स्थित वार्ड संख्या 11 के हरिजन टोला में पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए औचक निरीक्षण किया। इलाके में पहुंचते ही उन्होंने हालात का जायजा लिया और पेयजल की किल्लत पर चिंता जताई।निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने पाया कि इलाके में पानी की उपलब्धता काफी खराब है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को राहत मिल सके।पानी की समस्या के साथ-साथ राणा ओझा ने मोहल्ले के नालों की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। कई जगहों पर जाम नाले और गंदगी देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने सफाई कर्मियों को नियमित रूप से सफाई करने और व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए।इस दौरान स्थानीय लोग भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने अपनी समस्याएं सीधे उपाध्यक्ष के सामने रखीं। राणा ओझा ने सभी की बातें ध्यान से सुनीं और आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। राणा ओझा ने साफ कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में पानी और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### अज्ञात बदमाशों ने महिला को झांसा देखर साफ करने के बहाने ले उड़े सोने के गहने

पाकुड़िया (पाकुड़ ) थाना क्षेत्र के मोंगलाबांध गांव में एक ठगी की बड़ी घटना सामने आई है।जहां सोने की गहना साफ करने के नाम पर अज्ञात बदमाशों ने एक बूढ़ी महिला को झांसे में लेकर करीब तीन लाख रुपए मूल्य का सोना लेकर फरार हो गए। जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। मिली जानकारी के अनुसार, मोंगलाबांध निवासी रेणुका पाल, उम्र 60 साल पति स्वर्गीय लम्बोदर पाल के घर पर सुबह उस समय यह वारदात हुई जब घर में पुरुष और जानकार सदस्य मौजूद नहीं थे। इसी दौरान दो अज्ञात युवक ब्लैक कलर की बजाज बाइक से वहां पहुंचे। उन्होंने खुद को गहना साफ करने वाला कारीगर बताते हुए घर की महिला को भरोसे में लिया।उनके झांसे में आ गईं और अपना लगभग दो भरी सोने का गहना साफ करने के लिए दे दिया। बदमाशों ने बड़ी चालाकी से गहना लेकर कहा कि सामने ही उनका एक साथी मौजूद है, गहना साफ करने वाला मशीन वहीं पर है। जिससे वहीं पर वे गहना साफ कर देंगे। इतना कहकर वे बाहर निकले और बाइक स्टार्ट कर मौके से फरार हो गए। जांच करने पर पता चला कि दोनों युवक दुमका रोड की ओर से आए थे और वारदात को अंजाम देने के बाद उसी दिशा में भाग निकले। आगे की जांच में पास के एक हनुमान मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज से भी पुष्टि हुई कि आरोपी दुमका रोड की ओर तेजी से जाते हुए देखे गए। उधर घटना को लेकर पीड़ित परिवार द्वारा पाकुड़िया थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और पुलिस टीम आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### दो ट्रैक्टरों का किया गया वितरण

पाकुड़। वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत भूमि संरक्षण कार्यालय, पाकुड़ द्वारा क्रियान्वित मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा दो बड़े ट्रैक्टर का वितरण किया गया।समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, जिला कार्यक्रम प्रबंधक झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी प्रवीण मिश्रा, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी सुचित एक्का सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।इस योजना के तहत रोमाना स्वयं सहायता समूह, भवानीपुर पाकुड़एवं शांति लता स्वयं सहायता समूह, पाकुड़िया को ट्रैक्टर का लाभ प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के अंतर्गत लाभुकों को ट्रैक्टर पर 50त्न अनुदान तथा अन्य कृषि यंत्रों पर 80त्न तक अनुदान का प्रावधान है। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय वृद्धि एवं कृषि के आधुनिकीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता से खेती-किसानी को आसान, सुलभ एवं अधिक उत्पादक बनाया जा सकता है।

**राँची मंडल ता़री रे जुदा़-जुदा़ कैटेगरी ला़गित् ई-नीलामी खो़बो़र**

**सं. सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2026** **मा़हित: 17.03.2026** भारत रेन राष्ट्रपति ला़गित् आर उनी सेच् खो़न, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची-834003 होतेते राँची मंडल ता़री रे ई-नीलामी नेवतायेत् काना। कैटलॉग दो़ आईआरईपीएस वेबसाइट रे लाहा रे गे उछा़न ठीक आकाना। बानाडाय दो़ नोडका लेका मेनाक्आ:

• **कैटेगरी: प्रमोशनल कियोस्क (एमआईएससी स्टैटिक्स), कैटलॉग सं.: आरएनसीप्रमोशनल1, परिसंपत्तिको रेयाक् बानाडाय:** (i) राँची रेलवे स्टेशन रे प्रमोशनल कियोस्क चालाव-बानाव आर ञेलजो़तो़न ला़गित् ई-नीलामी। (ii) हटिया रेलवे स्टेशन रे टू व्हीलर, थ्री व्हीलर आर फोर व्हीलर गा़डीको रेयाक् ऐप आधारित सेवा आलगा ते बेबो़सताय/बुकिंग रे जोर एमावाक् ला़गित् प्रमोशनल कियोस्क बा़ईसा़उ, चालाव-बानाव आर ञेल जो़तो़न ला़गित् **ई-नीलामी। नीलामी एहो़बो़क्आ:** मा़हित 25.03.2026 हिलोक् 11.00 बजे। **नीलामी बों़दो़क् रेयाक् ता़रीक:** मा़हित 25.03.2026 हिलोक् 11.40 बजे। • कैटेगरी: पार्किंग, **कैटलॉग सं.: आरएनसीपार्किंग48, परिसंपत्तिको रेयाक् बानाडाय:** पिस्का, बानो आर ईटकी रेलवे स्टेशनको रे पार्किंग रेयाक् प्रबंधन। **नीलामी एहो़बो़क्आ:** मा़हित 24.03.2025 हिलोक् 11.00 बजे। **नीलामी बों़दो़क् रेयाक् ता़रीक:** मा़हित 24.03.2026 हिलोक् 11.50 बजे। • **कैटेगरी: पीएमबीजेके, कैटलॉग सं.: पीएमबीजेके, परिसंपत्तिको रेयाक् बानाडाय:** राँची रेलवे स्टेशन रेयाक् सर्कुलेटिंग एरिया रे प्रधानमंत्री भारातीय जनऔषधि केंद्र चालाव-बानाव आर ञेलजो़तो़न। नीलामी एहो़बो़क्आ: मा़हित 26.03.2026 हिलोक् 11.00 बजे। **नीलामी बों़दो़क् रेयाक् ता़रीक:**मा़हित 26.03.2026 हिलोक् 11.30 बजे। • **कैटेगरी: विज्ञापन, कैटलॉग सं.: आरएनसीएडीवीटी47, परिसंपत्तिको रेयाक् बानाडाय:** राँची रेलवे स्टेशन रेयाक् आउट ऑफ होम-5, इनसाइड स्टेशन-1, ट्रेन एक्सटीरियर-3 आर ट्रेन इंटीरियर-1 बाखरा वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधको ला़गित् ई-नीलामी। **नीलामी एहो़बो़क्आ:** मा़हित 23.03.2026 हिलोक् 11.00 बजे। नीलामी बों़दो़क् रेयाक् ता़रीक: मा़हित 23.03.2026 हिलोक् 13.00 बजे। • **कैटेगरी: बैटरी ऑपरेटेड कार (एमआईएससी-स्टैटिक्स), कैटलॉग सं.: आरएनसीबीओसी25, परिसंपत्तिको रेयाक् बानाडाय:** हटिया रेलवे स्टेशन रे 03 बो़छो़र सो़मो़य ला़गित् 02 बैटरी ऑपरेटेड कार्ट रेयाक् बेबो़सता आर चालाव-बानाव बाखरा वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधको ला़गित् ई-नीलामी। **नीलामी एहो़बो़क्आ:** 27.03.2026 हिलोक् 11.00 बजे। **नीलामी बों़दो़क् रेयाक् ता़रीक:** मा़हित 27.03.2026 हिलोक् 11.30 बजे। **टिप्पणी:** गा़खुड़ ठिका़दारको ठेन नेहो़र मेनाक्आ जे ओनको दो़ आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** रे ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल ञेलपे। चेतान रे ओ़लाकान कैटलॉग ता़री रे लॉट पिछा़ बानाडाय दो़ नों़डे बेबो़सतावाकान मेनाक्आ।

**(PR-1325)**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे

मुलुच् लान्दाय तुलुच् सेवा

# सिर कटे शव के मामले में दो महिला और एक पुरुष गिरफ्तार, हथियार और वाहन बरामद



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** रिखिया थाना क्षेत्र के ठाढ़ी गांव स्थित देवान बाबा मैदान में मिले सिर कटे शव के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस सनसनीखेज घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ था, जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सुलझाने का दावा किया है। जानकारी के अनुसार 16 मार्च को मैदान में एक अज्ञात सिर कटा शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए रिखिया थाना में कांड दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी सौरभ के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया।

गठित टीम ने घटनास्थल पर तकनीकी और फॉरेंसिक जांच करते हुए शव की पहचान सुनिश्चित की। इसके बाद जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने घटना में शामिल दो महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो स्कूटी, एक कार, धारदार हथियार, मृतक का मोबाइल फोन और खून लगा टोपी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बैजनाथपुर की बबीता देवी उर्फ पायल सिंह, करनीबाग की पायल राउत और संजीव कुमार उर्फ झगरू शामिल हैं। पुलिस के अनुसार तीनों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

इस कार्रवाई में रिखिया, कुंडा और मोहनपुर थाना की पुलिस टीम के साथ अनुसंधान विंग के अधिकारी भी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है और हत्या के पीछे के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।

## मेयर रवि राउत ने लिया आचार्य बबाई दा का आशीर्वाद



**देवघर ।** बुधवार को शहर के सत्संग आश्रम में आध्यात्मिक वातावरण के बीच मेयर रवि राउत ने आचार्य बबाई दा से आशीर्वाद लिया और उनके आशीर्वचनों का श्रवण किया। इस दौरान आध्यात्मिक चर्चा के साथ सामाजिक सरोकारों पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसमें शहर के विकास को लेकर कई अहम बिंदु सामने आए। मेयर ने नगर में आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ ही स्वच्छ नगर की दिशा में ठोस कदम उठाने, पर्यटन से आय के स्रोत को बढ़ाने और यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने की मांग रखी गई। बताया गया कि इन सभी मांगों को नगर निगम, जिला प्रशासन और राज्य सरकार तक पहुंचाया जाएगा, ताकि आवश्यक पहल जल्द हो सके। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के समन्वय और जनसहभागिता से ही देवघर को सुंदर, सुरक्षित और विकसित शहर के रूप में आगे बढ़ाया जा सकता है।

## गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने की डीसी से मांग

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार ने जिला में हो रहे घरेलू रसोई गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग देवघर जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा से की है ताकि उपभोक्ताओं को सहज रूप से गैस सिलेंडर मिल सके। कुमार ने कहा की ईद,चैत्र नवरात्र,चैती छठ और रामनवमी जैसे बड़े पर्व के आगमन के बीच घरेलू रसोई गैस किल्लत ने पर्व करने वालों की परेशानियों एवं चिंता को बढ़ा दिया है। गैस सिलेंडर की कमी के कारण त्यौहार की खुशी संकट में ना बदल जाए इसे रोकने हेतु गैस सिलेंडर की निर्वाध रूप से आपूर्ति व्यवस्था जरूरी है।

## बढ़ते तापमान को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह ने सभी सरकारी अस्पतालों के प्रधानों को पत्र जारी कर सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। उन्होंने हीट से संबंधित बीमारियों के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए समुचित तैयारी सुनिश्चित करने को कहा है। जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी अस्पतालों में डायरिया, डिहाइड्रेशन, सिरदर्द, कार्डियोवैस्कुलर डिजीज एवं हीट स्ट्रोक के प्रभावी प्रबंधन की व्यवस्था की जाए। इसके तहत प्रत्येक अस्पताल में ह्त्रक्र कॉर्नर स्थापित करने के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में ह्त्रक्र, दवाइयां एवं जरूरी संसाधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## बाजला महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उमा का निधन



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** रमा देवी बाजला महिला महाविद्यालय की प्रथम प्राचार्या डॉ. उमा चटर्जी का कलकत्ता में हृदयगति रुकने के कारण निधन हो गया। उनके निधन से शैक्षणिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वर्ष 1933 में जन्मी डॉ. चटर्जी महाविद्यालय की सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाली प्राचार्या रहीं। उनका कार्यकाल 1 मार्च 1965 से 30 नवंबर 1999 तक रहा, जिसमें उन्होंने संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दुःखद घटना के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में वर्तमान प्राचार्या डॉ. सुचिता कुमारी की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने डॉ. चटर्जी के समर्पण, नेतृत्व और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें एक प्रेरणास्रोत बताया।

## साइबर अपराध से बचाव की जानकारी



**देवघर।** जिले में बढ़ते साइबर अपराध और महिलाओं से जुड़े मामलों को लेकर पुलिस ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को देवीपुर थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां छात्राओं को अपराध से बचाव और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए छात्राओं को सतर्क रहने की सलाह दी। बताया गया कि अपराधी ओटीपी, केवाईसी अपडेट, बैंक कॉल और लॉटरी जैसे झांसे देकर लोगों को ठगते हैं। छात्राओं को स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या संदेश पर भरोसा न करें और अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचें। किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने की जानकारी दी गई।

## प्रांतीय खेल परिषद की बैठक, खेलों की तिथि व स्थल तय



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** विद्या विकास समिति,झारखंड के तत्वावधान में प्रांतीय खेल परिषद की महत्वपूर्ण बैठक उमा नलिनी ब्रह्म सरस्वती विद्या मंदिर, कुंडा, देवघर में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत वंदना सभा के साथ हुई, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती एवं भारत माता के तैल चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर देवघर विभाग प्रमुख सुरेश मंडल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजीत कुमार,सह सचिव प्रतिभा वर्णवाल,उपाध्यक्ष लक्ष्मण भाई पटेल, कोषाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकुल कुमार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी सत्र 2026-27 में आयोजित होने वाले विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। परिषद द्वारा एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, आर्चरी, जूडो, कुरास, फुटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, बैडमिंटन, ताइक्कांडो, योगासन, कुश्ती एवं बॉक्सिंग सहित अन्य खेलों के आयोजन की तिथि एवं स्थान निर्धारित किए गए। बैठक में खेलों के सुचारू संचालन एवं विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## मेयर रवि राउत सख्त, सफाई और जल व्यवस्था सुधारने के निर्देश



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को लेकर मेयर रवि राउत ने सख्त रुख अपनाया है। सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक और सफाई प्रभारी के साथ हुई बैठक में शहर की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में डोर टू डोर कूड़ा उठाव और मुख्य सड़कों की सफाई को और मजबूत करने का निर्देश दिया गया। कहा गया कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

बरसात से पहले जल निकासी की समस्या को ध्यान में रखते हुए छोटे और बड़े नालों की तत्काल उड़ाही के लिए टीम गठित करने का आदेश दिया गया। जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए समय पर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

पेयजल आपूर्ति को लेकर भी मेयर ने अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा। जलापूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी और हर घर तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो।

डोर स्टेप कूड़ा उठाव में लगी गाड़ियों में स्वच्छता गीत बजाने का निर्देश दिया गया, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़े। साथ ही नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही गई। मेयर ने स्वच्छता महाअभियान को जन आंदोलन का रूप देने पर जोर देते हुए कहा कि इसमें व्यापारियों, दुकानदारों, छात्रों, गृहणियों और युवाओं की भागीदारी जरूरी है। सामूहिक प्रयास से ही शहर को साफ और व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

## नगर अध्यक्ष और सभी वार्डों के पार्षदों के सम्मान में अभिनंदन सह सम्मान समारोह



**मधुपुर ।** नगर परिषद सभागार में बुधवार को नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष दरक्शां परवीन, उपाध्यक्ष ऋषभ भारद्वाज एवं सभी वार्डों के पार्षदों के सम्मान में अभिनंदन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे सभागार में उत्साह, उमंग और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा फीता काटकर नगर परिषद स्थित अपने अपने कार्यालय के विधिवत उद्घाटन के साथ हुई। इसके पश्चात दोनों ने अपने-अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर परिषद प्रशासन की ओर से सभी जनप्रतिनिधियों को बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास, जनहित से जुड़े कार्यों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में सभी जनप्रतिनिधियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई टीम पारदर्शिता, जवाबदेही और गति के साथ नगर परिषद के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। वहीं नगर अध्यक्ष दरक्शां परवीन ने अपने संबोधन में कहा कि नगर परिषद एक परिवार की तरह है और सभी सदस्य मिलजुल कर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर के सभी 23 वार्डों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## वरिष्ठ पत्रकार फिरोज खान का निधन



**मधुपुर ।** झारखंड से लेकर पश्चिम बंगाल तक अपनी बेबाक, निष्पक्ष और जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता के लिए पहचान रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार फिरोज खान का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। वे लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और अंततः जिंदगी की जंग हार गए। मूल रूप से मधुपुर के लखना मोहल्ला निवासी फिरोज खान पिछले कुछ समय से पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में रह रहे थे। अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में उन्होंने झारखंड और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बनाई। उनकी लेखनी में सच्चाई, निर्भीकता और सामाजिक जिम्मेदारी की स्पष्ट झलक मिलती थी, जो उन्हें अन्य पत्रकारों से अलग बनाती थी। फिरोज खान ने हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी। वे आम लोगों की आवाज को मंच देने के लिए जाने जाते थे। उनकी रिपोर्टिंग में तथ्यों की गहराई और निष्पक्षता होती थी, जिसके कारण वे पत्रकारिता जगत में बेहद सम्मानित और लोकप्रिय थे।

## बैद्यनाथ महोत्सव के समापन पर लगा मेडिकल कैंप



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जसीडीह की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई और आने वाले श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार सहित आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। मेडिकल कैंप में सीएचओ मृत्युंजय सिंह, उषा रानी, रोशन कुमार, रामाकांत मेहरा एवं गुड्डू कुमार ने अपनी सेवाएं दीं। टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाइयां भी वितरित की गईं। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को इस मेडिकल कैंप से काफी राहत मिली। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर से किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने में काफी मदद मिलती है।

## मां शैलपुत्री की आराधना से सुख-समृद्धि का संदेश



**देवघर।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धा और भक्ति का माहौल बन गया है। नवरात्र के पहले दिन भक्त विधि-विधान से मां शैलपुत्री की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना कर रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां शैलपुत्री को पतिव्रत धर्म की अधिष्ठात्री माना जाता है। वे हिमालय की पुत्री और भगवान शिव की अर्धांगिनी के रूप में पूजित हैं। पुराणों में वर्णित कथा के अनुसार पूर्व जन्म में सती ने अपने पिता द्वारा शिव के अपमान से आहत होकर शरीर त्याग दिया था और अगले जन्म में हिमालय के घर जन्म लेकर शैलपुत्री के रूप में प्रकट हुईं।

# खादी प्रदर्शनी में स्वदेशी उत्पादों की बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि, दर्शकों की उमड़ी भीड़



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय, रांची, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा देवघर के पुराना बस स्टैंड परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी अपने नौवें दिन पूरे उत्साह और आकर्षण के साथ जारी रही। प्रदर्शनी में स्थानीय नागरिकों, पर्यटकों और खादी प्रेमियों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली।

खादी वस्त्र, हस्तशिल्प, प्राकृतिक उत्पाद, शहद, अचार, मसाले और हर्बल उत्पादों की बिक्री में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई। आगंतुकों ने विशेष रूप से स्वदेशी एवं पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई। प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण मिट्टी के बर्तन (पॉटरी) निर्माण की लाइव डेमोन्स्ट्रेशन रही। कुशल कारीगरों ने चाक पर पारंपरिक तरीके से बर्तन बनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। युवाओं और बच्चों ने इस कला को बड़े उत्साह से देखा और ग्रामीण कारीगरों के कौशल की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियाँ पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के साथ नई पीढ़ी को उससे जोड़ने का कार्य करती हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में भव्य खादी परिधान उत्सव (फैशन शो) का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय युवा मॉडल्स ने खादी के आकर्षक परिधानों में रैंप वॉक कर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान भारी भीड़ उमड़ी और पूरे आयोजन में उत्साह का माहौल बना रहा। प्रदर्शनी का उद्देश्य ग्रामीण कारीगरों, बुनकरों और उद्यमियों को सशक्त मंच प्रदान करना है, ताकि उनके उत्पादों को व्यापक बाजार मिल सके और उनकी आय में वृद्धि हो।

# चैती छठ की तैयारी तेज : उपाध्यक्ष ऋषभ भारद्वाज ने छठ घाट का किया निरीक्षण



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ को लेकर मधुपुर नगर परिषद क्षेत्र में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पर्व के मद्देनज़र श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नप उपाध्यक्ष ऋषभ भारद्वाज ने बुधवार को शहर के प्रमुख झील तालाब स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने घाट पर मौजूद साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का गहन समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि छठ पर्व से पूर्व सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान झील तालाब स्थित छठ घाट की जर्जर स्थिति सामने आने पर उपाध्यक्ष ने गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि घाट की सीढ़ियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई, तो किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। उपाध्यक्ष ऋषभ भारद्वाज ने आश्वासन दिया कि इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा और आगामी नगर परिषद बोर्ड बैठक में छठ घाट के पुनर्निर्माण एवं मरम्मत का प्रस्ताव रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि छठ पर्व आस्था का बड़ा केंद्र है और इसमें लाखों लोगों की भावनाएं जुड़ी होती हैं, ऐसे में घाट की सुरक्षित और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि नगर परिषद की टीम लगातार निगरानी कर रही है और छठ पर्व से पहले सभी जरूरी कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही स्थानीय लोगों और पूजा समितियों से भी सहयोग की अपील की गई है, ताकि स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने में सामूहिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके।


**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद् साहेबगंज**

**सूचना संख्या– 10/2025–26**

**शुद्धि पत्र**

**PR No- 375144**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 09/2025–26, जिला परशिद कार्यालय के पत्र सं0–44/जि0अ0 दिनांक–14.03.2026 के द्वारा प्रकाशित किया गया है, जिसमें परिमाण पत्र बिक्री की तिथि एवं अन्य तिथि में भूलवश वर्ष 2025 अंकित हो गया है।

अतः उपरोक्त वर्ष को संशोधित वर्ष 2026 समझा जाय। शेष यथावत रहेंगे।

जिला अभियंता
जिला परिषद, साहेबगंज

PR 375432 District(25-26)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज**

**रद्द–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा **E-Tender Reference No.- WRD/MID/ SAHIBGANJ/ F2-09/2025-26, Date-22.01.2026** PR No- 371509 (Minor Irrigation) 25-26 (D) के ग्रुप नं0– 01 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, साहेबगंज

PR 375434 Minor Irrigation(25-26).D

**कार्यालय नगर पंचायत, बासुकीनाथ**
**(बासुकीनाथ, जिला–दुमका)**
email-id- nagarpanchayatbasukinath@gmail.com/ nagarpanchayatbasukinath@yahoo.in

**शुद्धिपत्र**

नगर पंचायत, बासुकीनाथ द्वारा पी0आर0 सं0 374967 के माध्यम से दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित अतिअल्पकालीन बंदोबस्ती सूचना संख्या–16/2025–26 में निम्नवत संशोधन किया जाता है–

**पूर्व निर्धारितः–**
आवेदन प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 18.03.2026 को अपराह्न 03:30 बजे तक
डाक आयोजन की तिथि एवं समयः–दिनांक 19/20.03.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे

**संशोधनोंपरांतः–**
आवेदन प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 24.03.2026 को अपराह्न 03:30 बजे तक
डाक आयोजन की तिथि एवं समयः–दिनांक 25.03.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे

बंदोबस्ती की शेष सभी शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

प्रशासक
नगर पंचायत, बासुकीनाथ

PR 375484 (District)25-26*D

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
**(CIN: U40108 JH 2013 SGC 001704)**
Office of the
**General Manager, Transmission Zone-VI, Deoghar**
**Email-** gmtz6deoghar@gmail.com

**e-TENDER NOTICE**

e-Tender in two parts part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:

| e-NIT No. | Name of works | Estimated cost (in Rs.) | Earnest money to be deposited (in Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable) (In Rs.) | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|
| 855/PR/JUSNL/ 25-26 | Construction of Security Guard Barrack Room with kitchen and sanitary installation at 132/33kV G/S/S, Chitra. | Rs.8,63,566.00 (GST and labour cess included) | 17,300.00 | Rs. 1,250.00 + 18% GST = Rs. 1,476.00 | 04(Four) months |

| | |
|---|---|
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 20/03/2026 at 11:00 AM |
| Start Date & Time of Upload of BID | 20/03/2026 at 11:00 AM |
| End Date and Time of Upload of BID | 10/04/2026 Upto 03:00 PM |
| BID Opening Date for Technical Part | 11/04/2026 at 03:00 PM |
| BID Opening Date for Price Part | Will be Communicated later |
| Tendering Officer and address for communication | General Manager, Transmission Zone-VI, Deoghar. |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions. Tender specification etc. can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.inAny details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (contact no.- 8292360941) during office hours.
2. The bid will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet service being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
4. Tenderer will have to upload an affidavit on non-judicial stamp paper of requisite value prevailing in Jharkhand duly executed before notary that their close members, blood relations/ proxies are not employed in any office of the Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited and other statement in the prescribed format in original. The original uploaded affidavit will have to be submitted in the office of the undersigned physically or by post within 30 (Thirty) days from the date of opening of Part-I (Technical and Commercial part). This will not impact the process of the tender.

Sd/-
**General Manager,**
**Transmission Zone- VI, Deoghar**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR 375498 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**अधीक्षक मंडल कारा, गोड्डा।**
*e-mail - dj-godda@jharkhandmail.gov.in,*
*distjailgodda@gmail.com*

शुद्धि पत्र PR N0 375309

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कारा का नाम | मंडल कारा गोड्डा । |
| 2 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों हरी सब्जियों, आलु फल मांस सरसों का तेल चीनी एवं अन्य विविद्य सामग्रियों के क्रय / आपूर्ति के निमित ई0 निविदा का आमंत्रण । (वार्षिक निविदा दिनांक 01.04.2026 से 31.03.2027 तक) |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Onlineस्वीकार की जायेगी । | 5,000 (पाँच हजार) मात्र । |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय । | तिथि 25.03.2026 से 02.04.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक । |
| 5 | निविदा Online Upload करने की तिथि एंव समय | तिथि 25.03.2026 से 02.04.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक । |
| 6 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियो का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | तिथि 03.04.2026 से 04.04.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा । |
| 7 | अग्रधन राशि (EMD) (2500 /से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि । | तिथि 03.04.2026 से 04.04.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा । |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि / समय/ स्थान | तिथि 06.04.2026 से पूर्वाहन 11.00 बजे अपर समाहर्ता के कार्यालय कक्ष में । |

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट **https://jharkhandtenders.gov.in** पर केवल **e-Tender**के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी ।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online**ही स्वीकार की जायेगी ।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक मंडल कारा गोड्डा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है । e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में **Helpline No. 9430342752**से सम्पर्क किया जा सकता है ।

अधीक्षक मंडल कारा,
गोड्डा

PR 375519 Police(25-26)D

# इलाज के दौरान वृद्धा की मौत, परिजनों ने मेडिकल स्टोर पर लगाया आरोप



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के गुल्लीभट्ठा निवासी राजाराम पासवान की 50 वर्षीय पत्नी बीना देवी की इलाज के दौरान मौत हो जाने मामला प्रकाश में आया है. मामले को लेकर मृतका के परिवार वालों ने नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है.पुलिस शिकायत मिलने के बाद मामले जांच शुरू कर दी.मामले को लेकर मृतका की पुत्री सुनीता देवी ने बताया कि मेरी मां बीमारी से ग्रसित थी और उन्हें एंटीबायोटिक इंजेक्शन लेने से मना किया गया था.बुधवार सुबह करीब 10 बजे मेरी मां बीना देवी की तबीयत बिगड़ने पर अपनी नतनी के साथ एलसी रोड स्थित नेशनल मेडिकल दुकान दवा लेने गई थी. वहां एंटीबायटिक इंजेक्शन दिए जाने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई.उनकी नतिनी ने एंटीबायटिक सुई देने से मना भी की थी. एंटीबायटिक देने के बाद स्थिति गंभीर होने पर हमको फोन करके जानकारी दी.

मै मेडिकल पहुंची और ऑक्सीजन लगाने बोले तो मेडिकल स्टोर वाला सदर अस्पताल ले जाने की बात कही. सदर अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां चिकित्सक डॉ प्रशांत कुमार ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया. वही मेडिकल संचालक मो हाशिम ने बताया कि महिला की तबीयत पहले से ही काफी खराब थी और वह दवा लेने आई थी. दवा दी जा रही थी. इसी क्रम में महिला ने खुद कहा कि दवा से ठीक नहीं होंगी. इंजेक्शन लगाने से ही आराम मिलेगा. इसके बाद इंजेक्शन लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई. लेकिन उसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने लगी. तुरंत इंजेक्शन प्रक्रिया रोकते हुए महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया.

वही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया.पुलिस कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. मामले की जांच की जा रही है. वही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है.

## चंद्रगोड़ा मिशन अस्पताल में जहरीला पदार्थ खाए युवक का इलाज के दौरान मौत

**संताल एक्सप्रेस बरहेट** /-चंद्रगोड़ा मिशन अस्पताल में जहरीला पदार्थ खाए एक 18 वर्षीय युवक टुनटुन पंडित उम्र 18 वर्ष को इलाज के लिए लाया गया. जिसका इलाज के दौरान मौत हो गई. बताया जाता है कि रांगा थाना क्षेत्र के डूबा बड़तल्ला निवासी युवक टुनटुन पंडित को गांव में ही घर के बाहर खेत में किसी ने अचेत अवस्था में देखा. जिसकी सूचना गांव में दी जिसके बाद लोग वहां पहुंचे. बताया गया की घटना के समय युवक की मां और पिता मजदूरी करने गए हुए थे. सूचना मिलते ही युवक को खेत से उठाकर लाया गया तथा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा ले जाया गया. इसके बाद उसे चंद्रगोड़ा मिशन अस्पताल लाया गया. मिशन के चिकित्सकों के अनुसार गंभीर स्थिति में युवक को लाया गया था. इसके बेहतर उपचार का प्रयास किया लेकिन प्रयास असफल रहा. मामले की जानकारी बरहेट थाना पुलिस को अस्पताल प्रबंधन द्वारा दिया गया. इसके बाद बरहेट थाना पुलिस चंद्रगोड़ा मिशन अस्पताल पहुंच मामले की पड़ताल में जुट गए.

## ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

**संताल एक्सप्रेस/बरहरवा।** बरहरवा थाना परिसर में बुधवार संध्या चार बजे ईद-उल-फितर को लेकर शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, नगर अध्यक्ष एवं बरहरवा एसडीपीओ की अध्यक्षता में हुई. बैठक में शांति व्यवस्था बनाएं रखने और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर कई निर्णय लिए गए. सदस्यों द्वारा ईद को लेकर विभिन्न सुझाव एवं प्रस्ताव दिया.जिन पर प्रशासन ने गंभीरता से विचार किया.ईद से पूर्व बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या को देखते हुए एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जुगाड़ू वाहनों, अवैध रूप से चल रहे टोटो एवं बिना अनुमति के वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी. इसकी सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी.राजमहल रोड स्थित मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 8=30 बजे अदा की जाएगी, जिसका समापन 9=30 बजे तक होगा. इस दौरान क्षेत्र में व्यापक पुलिस बल की तैनाती की जाएगी. ताकि सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहे.

## अनाजों की कटौती करने पर डीलरों पर होगी कार्रवाई : डीएसओ

**संताल एक्सप्रेस राजमहल।** राजमहल प्रखंड कार्यालय के सभागार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ बैठक हुई. बैठक में सभी डीलरों को सख्त निर्देश दिया गया कि सरकार के द्वारा जो भी अनाज दिया जाता है वह सभी कार्ड धारको के पास प्रत्येक महीना पहुंचना चाहिए. इसमें कोई भी अगर लापरवाही करती है तो उसके ऊपर सख्त कार्रवाई किया जाएगा. इस संबंध में डीलर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन में बताया कि प्रखंड डीलर एसोसिएशन का बैठक हुआ. जिसमें लगभग 90त्न डीलर उपस्थित रहे. इसमें समीक्षा किया गया कि पूरा केवाईसी कैसे किया जाए और शत प्रतिशत कैसे नमक, दाल, चीनी का वितरण किया जाए. उसमें समीक्षा किया गया है और श्रीमान का सख्त निर्देश दिया गया कि अगले महीने जिसमें कम रहेगा उसका सेसमेंट किया जाएगा. और अगले महीने से शत् प्रतिशत वितरण करेंगे और दूसरे डीलरों का माल नहीं वितरण करेंगे. सभी कोई अपना अपना माल वितरण करेंगे. वहीं जिला पूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा ने बताया कि जो हमारी स्कीम है योजनाएं हैं उसमें महत्वपूर्ण एक-एक कर सभी का समीक्षक किया गया. और जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा जो लगातार वितरण किया जाए. उसमें क्या-क्या परेशानी है उसकी समीक्षा किया गया. प्रत्येक महीना लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिले. जिसे लेकर सख्त निर्देश दिया गया और समय पर वितरण करें किसी प्रकार का कोई लापरवाही ना करें और लोगों को अनाज समय पर मिले. राज्य सरकार की यही मनसा है.

## डीसी ने खेल किट का वितरण किया



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज** - खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार रांची एवं जिला प्रशासन साहिबगंज के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित विभिन्न क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध कराए गए खेल किट का वितरण समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी हेमंत सती ने किया.इस अवसर पर डीसी ने जिले के सिद्धो कान्हु स्टेडियम में संचालित बालक आवासीय एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र 25, डे बोर्डिंग बालिका एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र 25 तथा +2 बी.डी. उच्च विद्यालय, सकरीगली में संचालित डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र के 25 कुल 75 प्रशिक्षुओं के बीच खेल किट जूता, मोजा, टोपी, एथलेटिक्स किट, टी-शर्ट, ट्रैक सूट एवं बैग का वितरण किया.डीसी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है. बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का भी विकास करता है. उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते हुए जिले, राज्य एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया.मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष, जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक योगेश यादव एवं डे बोर्डिंग बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र सकरीगली के प्रशिक्षक अशोक साहनी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे.

## जागरूकता जल रथ को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**संताल एक्सप्रेस** साहिबगंज - जिला समाहरणालय परिसर से बुधवार को डीसी हेमंत सती ने जल महोत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता अभियान के तहत् जल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.मौके पर डीसी ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके प्रति आमजन को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है. इसी उद्देश्य से यह जल रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं गांवों का भ्रमण करेगा तथा लोगों को शुद्ध पेयजल, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल की बर्बादी रोकने के प्रति जागरूक करेगा.उन्होंने बताया कि जल रथ के माध्यम से जन-जन तक जल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाए जाएंगे तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा. जिससे जल के सतत् उपयोग को सुनिश्चित किया जा सके.मौके पर कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे.

## राजमहल में कॉफी शॉप का उद्घाटन

**राजमहल।** राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र के फुलवरिया ईदगाह चौक के पास मंगलवार रात को अमृत अमृततुल्य के फेंचाइजी याराना कॉफी शॉप का उद्घाटन राजमहल नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख ने फीता काटकर किया. मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के मुंबई से अमृत अमृततुल्य के फेंचाइजी झारखंड के रांची में है. इसके बाद सीधे राजमहल में फेंचाइजी खुला गया है. कॉफी शॉप के संचालक मो इस्लाम शेख ने बताया कि यह पर दो दर्जनों से भी अधिक प्रकार के चाय, कॉफी मिलता है. बाजार से बेहतर चाय व काफी हमारे यहां मिलता है जो एक बार पीने के बाद आपको ताज की और एनर्जी जैसे महसूस होंगे. एवं शुद्धता के साथ चाय कॉफी मिलता है. मौके पर कॉफी शॉप के संचालक मो इस्लाम शेख, मो वसीम शेख एवं मो रहीम शेख, मोजिबुर शेख, इस्माईल शेख, मो चाँद शेख, फैजुल शेख सहित अन्य उपस्थित थे.

## वार्डो में चलाया होल्डिंग टैक्स वसूली अभियान

**साहिबगंज।** साहिबगंज नगर परिषद के द्वारा लगातार तीसरे दिन बुधवार को पुलिस बल और मजिस्ट्रेट के साथ वार्ड नंबर1,2,8,21,22,23,24 होल्डिंग टैक्स वसूली की गई. इन सात वार्डो में जो भी बड़े डिफाल्टर है उनको सख्त हिदायत दिया गया कि वे अपना होल्डिंग टैक्स 24 घंटा के अंदर जमा करें. नहीं तो झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी. साथ ही साथ आम नागरिकों को भी जागरूक किया गया कि जिनका भी होल्डिंग टैक्स बकाया है वह 31 मार्च से पहले जमा कर दे. नहीं तो होल्डिंग टैक्स पर 12त्न अधिक ब्याज के साथ देय होगा.मिली जानकारी के अनुसार लगभग 44 हाउस होल्ड के द्वारा होल्डिंग टैक्स का भुगतान किया गया. जिसमें 119, 000 रूपया की वसूली हुई.मौके पर अमरजीत सिंह रेवेन्यू ऑफिसर सौरभ कुमार रेवेन्यू ऑफिसर सोनू कुमार यादव रेवेन्यू ऑफिसर,विजय कुमार झा रेवेन्यू ऑफिसर राकेश रंजन एरिया मैनेजर सौरभ कुमार टीम लीडर एवं रविकांत पासवान नीरज पासवान विनोद मंडल तपस कुमार दास विकास कुमार साह मौजूद थे.

## रामनवमी शोभायात्रा को लेकर तैयारी तेज, श्रीराम जानकी मंदिर में हुई बैठक

**बरहेट ।** बरहेट बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में बुधवार को रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक देवाशीष पांडे की अध्यक्षता में हुई.जिसमें आयोजन समिति के सदस्य शामिल हुए. बैठक के दौरान राजू साह ने जानकारी दी कि हर वर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी के अवसर पर भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाएगी. इसके लिए क्षेत्र के श्रद्धालु एवं रामभक्त पूरे उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं.उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में लोग भाग लेते हैं. प्रतिभागी पारंपरिक शस्त्रों के साथ विभिन्न प्रकार के करतब प्रस्तुत करते हैं, जो शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण होता है.बैठक में आयोजन को सफल और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा अलग-अलग जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं. मौके पर सुरेश साह, अजय साह, कन्हाई ढोली, आदर्श भगत, राज, देवेंद्र दास, सनी पांडे, अक्षय पांडे, अजय सेन, रौनक चांद और राज स्वर्णकार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## रिद्धि रंजन तांती ने जवाहर नवोदय परीक्षा में 93.75 प्रतिशत अंक लाकर चौथा स्थान हासिल

**राजमहल ।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामनगर के छात्र रिद्धि रंजन तांती ने जवाहर नवोदय विद्यालय के वर्ग 6 में चयन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93.75 अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान हासिल किया है. रिद्धि रंजन के इस सफलता से विद्यालय परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है. बताया जाता है कि रिद्धि रंजन तांती शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर, अनुशासित और मेधावी छात्र रहे हैं. सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है. विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षकों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि रिद्धि ने स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है. साथ ही उन्होंने अन्य छात्रों से भी रिद्धि से प्रेरणा लेने की अपील की.

## संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय,दुमका

### Demand Notice (मांग पत्र) भाग –1

बजरिये नोटिस आपके मालवाहक वाहन पर आच्छादित प्रमादी राष्ट्रीय परमिट प्राधिकरण पत्र **(NP Authoristaion)** एवं कंसोलिडेटेड शुल्क एवं विलंब शुल्क बकाया है।

**महालेखाकार (लेखा परीक्षा) झारखंड, राँची द्वारा के Audit Observation Reference : #3 (OBS–2361916) Dated:-05.02.2026** द्वारा आपत्ति की गयी है।

आपको आगाह किया जाता है कि सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह (07) दिनों के अंदर चूक राशि जमा नहीं किये जाने पर आपके वाहन को काली सूची **(Blacklisted)** में दर्ज किये जाने हेतु संबंधित जिला परिवहन पदाधिकारियों को निदेश भेज दिया जायेगा एवं इसकी सारी जिम्मेदारी आपकी होगी।

इसे सख्त ताकीद समझे।

| sSl No. | NP Auth No. | Vehicle No. | dor | office | ld_wt | Autho_From | Autho_upto | Autho Due_From | Autho Due_upto | Delay in days | No.Yrs. | Composite fee | Autho Fee | Fine | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NP/JH/99/012023/122837 | JH15H6036 | 05-08-2013 | 15 | 25000 | 29-12-2022 | 28-12-2023 | 29-12-2023 | 28-12-2025 | 769 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 2 | NP/JH/99/012023/13151 | JH04R5833 | 20-12-2018 | 4 | 7490 | 09-01-2023 | 08-01-2024 | 09-01-2024 | 08-01-2026 | 758 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 3 | NP/JH/99/012023/32242 | JH04S3164 | 13-07-2019 | 4 | 12990 | 31-07-2022 | 30-07-2023 | 31-07-2023 | 30-07-2025 | 920 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 4 | NP/JH/99/012023/32346 | JH15W9930 | 26-10-2019 | 15 | 37000 | 11-01-2023 | 10-01-2024 | 11-01-2024 | 10-01-2026 | 756 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 5 | NP/JH/99/012023/4675 | JH15T5881 | 17-08-2018 | 15 | 31000 | 27-09-2022 | 26-09-2023 | 27-09-2023 | 26-09-2025 | 862 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 6 | NP/JH/99/012023/4702 | JH15T7123 | 17-08-2018 | 15 | 31000 | 27-09-2022 | 26-09-2023 | 27-09-2023 | 26-09-2025 | 862 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 7 | NP/JH/99/012023/56197 | JH15W9665 | 24-12-2019 | 15 | 28000 | 22-01-2023 | 21-01-2024 | 22-01-2024 | 21-01-2026 | 745 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 8 | NP/JH/99/012023/56200 | JH15W6344 | 24-12-2019 | 15 | 28000 | 22-01-2023 | 21-01-2024 | 22-01-2024 | 21-01-2026 | 745 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 9 | NP/JH/99/012023/65952 | JH18D1058 | 31-08-2015 | 18 | 28500 | 02-12-2022 | 01-12-2023 | 02-12-2023 | 01-12-2025 | 796 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 10 | NP/JH/99/012023/85240 | JH15W0558 | 16-10-2019 | 15 | 3425 | 29-01-2023 | 28-01-2024 | 29-01-2024 | 28-01-2026 | 738 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 11 | NP/JH/99/012023/95983 | JH04W8814 | 29-11-2021 | 4 | 16020 | 07-01-2023 | 06-01-2024 | 07-01-2024 | 06-01-2026 | 760 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 12 | NP/JH/99/012023/98803 | JH15Q3981 | 28-08-2017 | 15 | 28500 | 26-01-2023 | 25-01-2024 | 26-01-2024 | 25-01-2026 | 741 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 13 | NP/JH/99/012024/113776 | JH04S3478 | 23-11-2019 | 4 | 15710 | 20-12-2023 | 19-12-2024 | 20-12-2024 | 19-12-2025 | 412 | 1 | 16500 | 1000 | 8500 | 26000 |
| 14 | NP/JH/99/012024/127945 | JH04T6383 | 08-01-2020 | 4 | 37000 | 15-02-2024 | 14-02-2025 | 15-02-2025 | 14-02-2026 | 355 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 15 | NP/JH/99/012024/22053 | JH16F2902 | 17-01-2018 | 16 | 43500 | 06-01-2024 | 05-01-2025 | 06-01-2025 | 05-01-2026 | 395 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 16 | NP/JH/99/012024/23589 | JH16F6466 | 09-10-2021 | 16 | 49500 | 20-10-2023 | 19-10-2024 | 20-10-2024 | 19-10-2025 | 473 | 1 | 16500 | 1000 | 9500 | 27000 |
| 17 | NP/JH/99/012024/27483 | JH15T0852 | 04-09-2018 | 15 | 16200 | 09-01-2024 | 08-01-2025 | 09-01-2025 | 08-01-2026 | 392 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 18 | NP/JH/99/012024/29937 | JH15T7462 | 21-08-2018 | 15 | 16200 | 09-01-2024 | 08-01-2025 | 09-01-2025 | 08-01-2026 | 392 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 19 | NP/JH/99/012024/35936 | JH04Y2568 | 13-12-2022 | 4 | 16020 | 11-01-2024 | 10-01-2025 | 11-01-2025 | 10-01-2026 | 390 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 20 | NP/JH/99/012024/40695 | JH16G1586 | 02-08-2022 | 16 | 49500 | 17-08-2023 | 16-08-2024 | 17-08-2024 | 16-08-2025 | 537 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 21 | NP/JH/99/012024/41612 | JH15T3529 | 15-10-2018 | 15 | 28500 | 09-01-2024 | 08-01-2025 | 09-01-2025 | 08-01-2026 | 392 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 22 | NP/JH/99/012024/41613 | JH15T8142 | 15-10-2018 | 15 | 28500 | 09-01-2024 | 08-01-2025 | 09-01-2025 | 08-01-2026 | 392 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 23 | NP/JH/99/012024/43118 | JH15J0117 | 27-10-2014 | 15 | 36000 | 13-01-2024 | 12-01-2025 | 13-01-2025 | 12-01-2026 | 388 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 24 | NP/JH/99/012024/45336 | JH15Q6101 | 08-06-2017 | 15 | 25000 | 04-08-2023 | 03-08-2024 | 04-08-2024 | 03-08-2025 | 550 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 25 | NP/JH/99/012024/63577 | JH15K1207 | 03-06-2015 | 15 | 25000 | 08-12-2023 | 07-12-2024 | 08-12-2024 | 07-12-2025 | 424 | 1 | 16500 | 1000 | 8500 | 26000 |
| 26 | NP/JH/99/012024/64109 | JH16G8379 | 11-01-2023 | 16 | 47500 | 16-01-2024 | 15-01-2025 | 16-01-2025 | 15-01-2026 | 385 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 27 | NP/JH/99/012024/86496 | JH15AB6681 | 11-01-2022 | 15 | 16020 | 04-11-2023 | 03-11-2024 | 04-11-2024 | 03-11-2025 | 458 | 1 | 16500 | 1000 | 9000 | 26500 |
| 28 | NP/JH/99/012024/87605 | JH16G1309 | 06-07-2019 | 16 | 42000 | 03-02-2024 | 02-02-2025 | 03-02-2025 | 02-02-2026 | 367 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 29 | NP/JH/99/012025/134143 | JH15J8216 | 08-02-2014 | 15 | 36000 | 08-03-2023 | 08-03-2024 | 09-03-2024 | 08-03-2026 | 698 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 30 | NP/JH/99/022023/109854 | JH16G3643 | 13-02-2022 | 16 | 49500 | 17-02-2023 | 16-02-2024 | 17-02-2024 | 16-02-2026 | 719 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 31 | NP/JH/99/022023/122234 | JH04G5838 | 19-12-2013 | 4 | 25000 | 21-01-2023 | 20-01-2024 | 21-01-2024 | 20-01-2026 | 746 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 32 | NP/JH/99/022023/124534 | JH16B2858 | 05-05-2016 | 16 | 36000 | 21-05-2022 | 20-05-2023 | 21-05-2023 | 20-05-2025 | 991 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 33 | NP/JH/99/022023/16564 | JH04X0478 | 20-01-2022 | 4 | 49500 | 31-01-2023 | 30-01-2024 | 31-01-2024 | 30-01-2026 | 736 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 34 | NP/JH/99/022023/18768 | JH18F4515 | 21-01-2017 | 18 | 36000 | 30-01-2023 | 29-01-2024 | 30-01-2024 | 29-01-2026 | 737 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 35 | NP/JH/99/022023/23745 | JH15N2519 | 24-10-2016 | 15 | 31000 | 23-01-2023 | 22-01-2024 | 23-01-2024 | 22-01-2026 | 744 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 36 | NP/JH/99/022023/36804 | JH04N1263 | 15-12-2017 | 4 | 31000 | 09-01-2023 | 08-01-2024 | 09-01-2024 | 08-01-2026 | 758 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 37 | NP/JH/99/022023/46646 | JH15U4493 | 17-12-2018 | 15 | 16200 | 30-01-2023 | 29-01-2024 | 30-01-2024 | 29-01-2026 | 737 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 38 | NP/JH/99/022023/61405 | JH16F2608 | 06-10-2021 | 16 | 47500 | 24-01-2023 | 23-01-2024 | 24-01-2024 | 23-01-2026 | 743 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 39 | NP/JH/99/022023/61669 | JH16F2404 | 09-10-2021 | 16 | 47500 | 24-01-2023 | 23-01-2024 | 24-01-2024 | 23-01-2026 | 743 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 40 | NP/JH/99/022023/6220 | JH15K8331 | 11-12-2014 | 15 | 13990 | 27-01-2023 | 26-01-2024 | 27-01-2024 | 26-01-2026 | 740 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 41 | NP/JH/99/022023/87092 | JH04G9970 | 20-11-2013 | 4 | 28500 | 17-05-2022 | 16-05-2023 | 17-05-2023 | 16-05-2025 | 995 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 42 | NP/JH/99/022024/101004 | JH16G3421 | 25-01-2023 | 16 | 47500 | 04-02-2024 | 03-02-2025 | 04-02-2025 | 03-02-2026 | 366 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 43 | NP/JH/99/022024/105395 | JH04V1120 | 15-02-2021 | 4 | 16020 | 19-02-2024 | 18-02-2025 | 19-02-2025 | 18-02-2026 | 351 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 44 | NP/JH/99/022024/105974 | JH16E9194 | 11-02-2020 | 16 | 43500 | 15-02-2024 | 14-02-2025 | 15-02-2025 | 14-02-2026 | 355 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 45 | NP/JH/99/022024/110980 | JH04V7150 | 07-04-2021 | 4 | 35000 | 03-06-2023 | 02-06-2024 | 03-06-2024 | 02-06-2025 | 612 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 46 | NP/JH/99/022024/114809 | JH18K3296 | 24-02-2021 | 18 | 42000 | 19-01-2024 | 18-01-2025 | 19-01-2025 | 18-01-2026 | 382 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 47 | NP/JH/99/022024/115238 | JH04X0239 | 01-01-2022 | 4 | 35000 | 10-01-2024 | 09-01-2025 | 10-01-2025 | 09-01-2026 | 391 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 48 | NP/JH/99/022024/117304 | JH16G5349 | 23-11-2021 | 16 | 47500 | 01-02-2024 | 31-01-2025 | 01-02-2025 | 31-01-2026 | 369 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 49 | NP/JH/99/022024/121930 | JH04Z3326 | 07-02-2023 | 4 | 47500 | 17-02-2024 | 16-02-2025 | 17-02-2025 | 16-02-2026 | 353 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 50 | NP/JH/99/022024/13417 | JH04J3293 | 23-11-2015 | 4 | 25000 | 27-01-2024 | 26-01-2025 | 27-01-2025 | 26-01-2026 | 374 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 51 | NP/JH/99/022024/22844 | JH17V2774 | 30-12-2020 | 17 | 16020 | 21-01-2024 | 20-01-2025 | 21-01-2025 | 20-01-2026 | 380 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 52 | NP/JH/99/022024/33327 | JH04X7842 | 12-01-2022 | 4 | 49500 | 20-01-2024 | 19-01-2025 | 20-01-2025 | 19-01-2026 | 381 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 53 | NP/JH/99/022024/35239 | JH04Y7019 | 01-12-2022 | 4 | 47500 | 16-12-2023 | 15-12-2024 | 16-12-2024 | 15-12-2025 | 416 | 1 | 16500 | 1000 | 8500 | 26000 |
| 54 | NP/JH/99/022024/36121 | JH16G0362 | 10-01-2022 | 16 | 47500 | 12-01-2024 | 11-01-2025 | 12-01-2025 | 11-01-2026 | 389 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 55 | NP/JH/99/022024/56247 | JH18G4642 | 22-07-2014 | 18 | 25000 | 09-05-2023 | 08-05-2024 | 09-05-2024 | 08-05-2025 | 637 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 56 | NP/JH/99/022024/62750 | JH04N4675 | 13-11-2017 | 4 | 36000 | 13-02-2024 | 12-02-2025 | 13-02-2025 | 12-02-2026 | 357 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 57 | NP/JH/99/022024/94265 | JH16G4937 | 30-06-2022 | 16 | 47500 | 07-07-2023 | 06-07-2024 | 07-07-2024 | 06-07-2025 | 578 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 58 | NP/JH/99/022024/96480 | JH15J8456 | 06-08-2014 | 15 | 36000 | 18-09-2023 | 17-09-2024 | 18-09-2024 | 17-09-2025 | 505 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 59 | NP/JH/99/022024/97888 | JH15W0503 | 14-11-2019 | 15 | 15710 | 11-02-2024 | 10-02-2025 | 11-02-2025 | 10-02-2026 | 359 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 60 | NP/JH/99/032023/102988 | JH15L4631 | 30-10-2015 | 15 | 25000 | 19-02-2023 | 18-02-2024 | 19-02-2024 | 18-02-2026 | 717 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 61 | NP/JH/99/032023/110833 | JH15Q4899 | 08-06-2017 | 15 | 25000 | 04-08-2022 | 03-08-2023 | 04-08-2023 | 03-08-2025 | 916 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 62 | NP/JH/99/032023/12023 | JH16E1579 | 24-03-2020 | 16 | 43500 | 03-03-2023 | 02-03-2024 | 03-03-2024 | 02-03-2026 | 704 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 63 | NP/JH/99/032023/16206 | JH04H0314 | 14-03-2015 | 4 | 6250 | 03-03-2023 | 02-03-2024 | 03-03-2024 | 02-03-2026 | 704 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 64 | NP/JH/99/032023/17857 | JH15H6908 | 26-11-2013 | 15 | 28500 | 16-12-2022 | 15-12-2023 | 16-12-2023 | 15-12-2025 | 782 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 65 | NP/JH/99/032023/20255 | WB65C5171 | 13-02-2018 | 16 | 35000 | 22-02-2023 | 21-02-2024 | 22-02-2024 | 21-02-2026 | 714 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 66 | NP/JH/99/032023/37650 | JH15U7928 | 06-02-2019 | 15 | 37000 | 23-02-2023 | 22-02-2024 | 23-02-2024 | 22-02-2026 | 713 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 67 | NP/JH/99/032023/37663 | JH15U4293 | 06-02-2019 | 15 | 37000 | 23-02-2023 | 22-02-2024 | 23-02-2024 | 22-02-2026 | 713 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 68 | NP/JH/99/032023/44359 | JH15L0158 | 23-01-2016 | 15 | 36000 | 11-03-2023 | 10-03-2024 | 11-03-2024 | 10-03-2026 | 696 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 69 | NP/JH/99/032023/46887 | JH04H8117 | 13-01-2015 | 4 | 25000 | 21-02-2023 | 20-02-2024 | 21-02-2024 | 20-02-2026 | 715 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 70 | NP/JH/99/032023/55014 | JH04T2795 | 03-03-2020 | 4 | 37000 | 15-03-2023 | 14-03-2024 | 15-03-2024 | 14-03-2026 | 692 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 71 | NP/JH/99/032023/77875 | JH04G7566 | 28-01-2014 | 4 | 25000 | 11-02-2023 | 10-02-2024 | 11-02-2024 | 10-02-2026 | 725 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 72 | NP/JH/99/032023/97062 | JH04X0980 | 22-02-2022 | 4 | 49500 | 07-03-2023 | 06-03-2024 | 07-03-2024 | 06-03-2026 | 700 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 73 | NP/JH/99/032024/116696 | JH16H0708 | 21-03-2023 | 16 | 47500 | 23-03-2024 | 22-03-2025 | 23-03-2025 | 22-03-2026 | 319 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 74 | NP/JH/99/032024/116703 | JH16G2782 | 16-02-2023 | 16 | 47500 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 75 | NP/JH/99/032024/132014 | JH16G2685 | 28-03-2022 | 16 | 49500 | 29-03-2024 | 28-03-2025 | 29-03-2025 | 28-03-2026 | 313 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 76 | NP/JH/99/032024/16958 | JH04X4257 | 08-03-2022 | 4 | 35000 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 77 | NP/JH/99/032024/22485 | JH16B4491 | 09-06-2015 | 16 | 28500 | 05-03-2024 | 04-03-2025 | 05-03-2025 | 04-03-2026 | 337 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 78 | NP/JH/99/032024/36176 | JH04X3303 | 08-03-2022 | 4 | 35000 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 79 | NP/JH/99/032024/36957 | JH04Y0961 | 05-01-2023 | 4 | 47500 | 11-01-2024 | 10-01-2025 | 11-01-2025 | 10-01-2026 | 390 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 80 | NP/JH/99/032024/48428 | JH04Z3263 | 01-03-2023 | 4 | 47500 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 81 | NP/JH/99/032024/55483 | JH17J0623 | 13-01-2016 | 17 | 28500 | 16-03-2024 | 15-03-2025 | 16-03-2025 | 15-03-2026 | 326 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 82 | NP/JH/99/032024/55507 | JH17J8324 | 05-02-2016 | 17 | 28500 | 19-03-2024 | 18-03-2025 | 19-03-2025 | 18-03-2026 | 323 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 83 | NP/JH/99/032024/61938 | JH16G3426 | 11-02-2023 | 16 | 47500 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 84 | NP/JH/99/032024/63942 | JH16H4763 | 02-03-2023 | 16 | 47500 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 85 | NP/JH/99/032024/69255 | JH16G5720 | 23-02-2023 | 16 | 47500 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 86 | NP/JH/99/032024/70476 | JH04Z7357 | 15-02-2023 | 4 | 47500 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 87 | NP/JH/99/032024/76930 | JH16H3463 | 11-03-2023 | 16 | 47500 | 15-03-2024 | 14-03-2025 | 15-03-2025 | 14-03-2026 | 327 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 88 | NP/JH/99/032024/77207 | JH15X7942 | 05-03-2020 | 15 | 15800 | 09-06-2023 | 08-06-2024 | 09-06-2024 | 08-06-2025 | 606 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 89 | NP/JH/99/032024/96703 | JH04V2573 | 12-03-2021 | 4 | 35000 | 19-03-2024 | 18-03-2025 | 19-03-2025 | 18-03-2026 | 323 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 90 | NP/JH/99/042022/38432 | JH15M3989 | 15-02-2016 | 15 | 36000 | 13-04-2022 | 12-04-2023 | 13-04-2023 | 12-04-2025 | 1029 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 91 | NP/JH/99/042023/100437 | JH16B2303 | 05-05-2016 | 16 | 31000 | 11-05-2023 | 10-05-2024 | 11-05-2024 | 10-05-2025 | 635 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 92 | NP/JH/99/042023/102264 | JH04W4365 | 24-08-2021 | 4 | 49500 | 22-12-2022 | 21-12-2023 | 22-12-2023 | 21-12-2025 | 776 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 93 | NP/JH/99/042023/112453 | JH15N3703 | 30-08-2016 | 15 | 12990 | 13-04-2023 | 12-04-2024 | 13-04-2024 | 12-04-2025 | 663 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 94 | NP/JH/99/042023/16347 | WB65C5778 | 13-04-2018 | 16 | 43500 | 05-04-2023 | 04-04-2024 | 05-04-2024 | 04-04-2025 | 671 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 95 | NP/JH/99/042023/16975 | JH04L4321 | 14-02-2017 | 4 | 31000 | 30-04-2022 | 29-04-2023 | 30-04-2023 | 29-04-2025 | 1012 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 96 | NP/JH/99/042023/20140 | JH04V8726 | 13-04-2021 | 4 | 49500 | 19-04-2023 | 18-04-2024 | 19-04-2024 | 18-04-2025 | 657 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 97 | NP/JH/99/042023/28103 | JH15U0414 | 06-02-2019 | 15 | 37000 | 02-03-2023 | 01-03-2024 | 02-03-2024 | 01-03-2026 | 705 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 98 | NP/JH/99/042023/47085 | JH15J4223 | 24-07-2014 | 15 | 36000 | 23-03-2023 | 22-03-2024 | 23-03-2024 | 22-03-2026 | 684 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 99 | NP/JH/99/042024/119166 | JH16G6536 | 08-08-2022 | 16 | 49500 | 30-08-2023 | 29-08-2024 | 30-08-2024 | 29-08-2025 | 524 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 100 | NP/JH/99/042024/119744 | JH15AE0695 | 27-11-2018 | 15 | 28000 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 101 | NP/JH/99/042024/119780 | JH15AC5871 | 15-06-2018 | 15 | 28000 | 22-07-2023 | 21-07-2024 | 22-07-2024 | 21-07-2025 | 563 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 102 | NP/JH/99/042024/119830 | JH15AC4468 | 15-06-2018 | 15 | 28000 | 22-07-2023 | 21-07-2024 | 22-07-2024 | 21-07-2025 | 563 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 103 | NP/JH/99/042024/119915 | JH15AE9639 | 27-11-2018 | 15 | 28000 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 104 | NP/JH/99/042024/124534 | JH16G1900 | 02-12-2021 | 16 | 47500 | 04-01-2024 | 03-01-2025 | 04-01-2025 | 03-01-2026 | 397 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 105 | NP/JH/99/042024/22157 | JH04H1532 | 17-09-2014 | 4 | 28500 | 19-12-2023 | 18-12-2024 | 19-12-2024 | 18-12-2025 | 413 | 1 | 16500 | 1000 | 8500 | 26000 |
| 106 | NP/JH/99/042024/24875 | JH04Z3485 | 09-02-2023 | 4 | 47500 | 17-02-2024 | 16-02-2025 | 17-02-2025 | 16-02-2026 | 353 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 107 | NP/JH/99/042024/30207 | JH15M7329 | 11-02-2016 | 15 | 31000 | 29-01-2024 | 28-01-2025 | 29-01-2025 | 28-01-2026 | 372 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 108 | NP/JH/99/042024/32977 | JH17AA0223 | 21-02-2023 | 17 | 47500 | 27-03-2024 | 26-03-2025 | 27-03-2025 | 26-03-2026 | 315 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 109 | NP/JH/99/042024/40848 | JH04Z6901 | 30-07-2018 | 4 | 42000 | 23-03-2024 | 22-03-2025 | 23-03-2025 | 22-03-2026 | 319 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 110 | NP/JH/99/042024/49399 | JH04L6990 | 21-02-2017 | 4 | 43500 | 29-03-2024 | 28-03-2025 | 29-03-2025 | 28-03-2026 | 313 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 111 | NP/JH/99/042024/80062 | JH04K1175 | 10-02-2016 | 4 | 36000 | 16-03-2024 | 15-03-2025 | 16-03-2025 | 15-03-2026 | 326 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 112 | NP/JH/99/042024/80455 | JH15Z4507 | 13-02-2021 | 15 | 35000 | 18-02-2024 | 17-02-2025 | 18-02-2025 | 17-02-2026 | 352 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 113 | NP/JH/99/042025/44625 | JH15AB3477 | 24-02-2022 | 15 | 35000 | 02-03-2024 | 01-03-2025 | 02-03-2025 | 01-03-2026 | 340 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 114 | NP/JH/99/052022/18248 | JH15M7419 | 16-02-2016 | 15 | 36000 | 20-04-2022 | 19-04-2023 | 20-04-2023 | 19-04-2025 | 1022 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 115 | NP/JH/99/052022/21840 | JH04P8120 | 07-04-2018 | 4 | 37000 | 22-05-2022 | 21-05-2023 | 22-05-2023 | 21-05-2025 | 990 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 116 | NP/JH/99/052022/30808 | JH16F7924 | 11-05-2021 | 16 | 53500 | 20-05-2022 | 19-05-2023 | 20-05-2023 | 19-05-2025 | 992 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 117 | NP/JH/99/052022/4060 | JH15U0419 | 28-03-2019 | 15 | 25000 | 13-04-2022 | 12-04-2023 | 13-04-2023 | 12-04-2025 | 1029 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 118 | NP/JH/99/052022/49569 | JH04V6114 | 19-02-2021 | 4 | 42000 | 07-04-2022 | 06-04-2023 | 07-04-2023 | 06-04-2025 | 1035 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 119 | NP/JH/99/052022/73550 | JH04K5891 | 10-02-2016 | 4 | 12990 | 23-05-2022 | 22-05-2023 | 23-05-2023 | 22-05-2025 | 989 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 120 | NP/JH/99/052023/13438 | JH16F5589 | 12-04-2021 | 16 | 53500 | 06-05-2023 | 05-05-2024 | 06-05-2024 | 05-05-2025 | 640 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 121 | NP/JH/99/052023/19726 | JH18G6280 | 24-10-2018 | 18 | 43500 | 30-10-2022 | 29-10-2023 | 30-10-2023 | 29-10-2025 | 829 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 122 | NP/JH/99/052023/34226 | JH04K4935 | 10-09-2016 | 4 | 7490 | 27-12-2022 | 26-12-2023 | 27-12-2023 | 26-12-2025 | 771 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 123 | NP/JH/99/052023/46210 | JH04V8744 | 07-04-2021 | 4 | 35000 | 02-08-2022 | 01-08-2023 | 02-08-2023 | 01-08-2025 | 918 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 124 | NP/JH/99/052023/55703 | JH15AC0775 | 16-04-2022 | 15 | 35000 | 05-05-2023 | 04-05-2024 | 05-05-2024 | 04-05-2025 | 641 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 125 | NP/JH/99/052023/56122 | JH15X4005 | 19-03-2020 | 15 | 3425 | 21-05-2023 | 20-05-2024 | 21-05-2024 | 20-05-2025 | 625 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 126 | NP/JH/99/052023/70110 | JH15X0472 | 21-03-2020 | 15 | 37000 | 16-05-2023 | 15-05-2024 | 16-05-2024 | 15-05-2025 | 630 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 127 | NP/JH/99/052023/70113 | JH15X2739 | 21-03-2020 | 15 | 37000 | 16-05-2023 | 15-05-2024 | 16-05-2024 | 15-05-2025 | 630 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 128 | NP/JH/99/052023/70114 | JH15X2797 | 21-03-2020 | 15 | 37000 | 16-05-2023 | 15-05-2024 | 16-05-2024 | 15-05-2025 | 630 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 129 | NP/JH/99/052023/70115 | JH15X4296 | 21-03-2020 | 15 | 37000 | 16-05-2023 | 15-05-2024 | 16-05-2024 | 15-05-2025 | 630 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 130 | NP/JH/99/052023/70116 | JH15X4596 | 21-03-2020 | 15 | 37000 | 16-05-2023 | 15-05-2024 | 16-05-2024 | 15-05-2025 | 630 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 131 | NP/JH/99/052023/70117 | JH15X6616 | 21-03-2020 | 15 | 37000 | 16-05-2023 | 15-05-2024 | 16-05-2024 | 15-05-2025 | 630 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 132 | NP/JH/99/052024/101154 | JH15U6240 | 06-02-2019 | 15 | 37000 | 23-02-2024 | 22-02-2025 | 23-02-2025 | 22-02-2026 | 347 | 1 | 16500 | 1000 | 7500 | 25000 |
| 133 | NP/JH/99/052024/45592 | JH16F6118 | 19-06-2021 | 16 | 49500 | 03-08-2023 | 02-08-2024 | 03-08-2024 | 02-08-2025 | 551 | 1 | 16500 | 1000 | 10000 | 27500 |
| 134 | NP/JH/99/052024/53828 | JH18M3284 | 05-02-2019 | 18 | 36000 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 135 | NP/JH/99/052024/90876 | JH15L2639 | 14-10-2015 | 15 | 36000 | 15-12-2023 | 14-12-2024 | 15-12-2024 | 14-12-2025 | 417 | 1 | 16500 | 1000 | 8500 | 26000 |
| 136 | NP/JH/99/052024/95994 | JH04N4757 | 15-12-2017 | 4 | 25000 | 09-03-2024 | 08-03-2025 | 09-03-2025 | 08-03-2026 | 333 | 1 | 16500 | 1000 | 7000 | 24500 |
| 137 | NP/JH/99/052024/99230 | JH04N7999 | 15-12-2017 | 4 | 31000 | 09-01-2024 | 08-01-2025 | 09-01-2025 | 08-01-2026 | 392 | 1 | 16500 | 1000 | 8000 | 25500 |
| 138 | NP/JH/99/062022/15349 | JH04M4991 | 31-08-2017 | 4 | 9050 | 20-05-2022 | 19-05-2023 | 20-05-2023 | 19-05-2025 | 992 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 139 | NP/JH/99/062022/18815 | JH18C1909 | 17-01-2013 | 18 | 25000 | 09-05-2022 | 08-05-2023 | 09-05-2023 | 08-05-2025 | 1003 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |
| 140 | NP/JH/99/062022/19557 | JH04W0548 | 01-06-2021 | 4 | 16020 | 07-06-2022 | 06-06-2023 | 07-06-2023 | 06-06-2025 | 974 | 2 | 33000 | 2000 | 10000 | 45000 |

PR 375441 (Transport)25-26*D

क्रमशः जारी है...

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,दुमका

# हर गांव और मोहल्ले में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ केंद्र शुरू होगा : प्रवीण तोगड़िया



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** उपराजधानी दुमका के यज्ञ मैदान में बुधवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने अपने तीखे और प्रभावशाली संबोधन से माहौल को पूरी तरह गरमा दिया। बड़ी संख्या में जुटे लोगों के बीच उन्होंने हिंदू एकता, सुरक्षा और सामाजिक समरसता को लेकर जोरदार अपील की। अपने भाषण में तोगड़िया ने कहा कि जब तक हिंदू समाज आपसी मतभेद और जातिगत विभाजन में उलझा रहेगा, तब तक उसकी सामूहिक शक्ति कमजोर बनी रहेगी। उन्होंने सभी वर्गों से एकजुट होकर समाज को मजबूत बनाने का आह्वान किया, जिस पर सभा में मौजूद लोगों ने जोरदार समर्थन जताया। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाते हुए इसे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में घुसपैठिए मौजूद हैं, जिन पर समय रहते सख्त कार्रवाई जरूरी है। रामनवमी के दौरान झारखंड में डीजे बैन को लेकर चल रहे विवाद पर भी तोगड़िया ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि त्योहारों में किसी भी तरह की बाधा स्वीकार नहीं की जानी चाहिए और प्रशासन को पहले से सतर्क रहकर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। सम्मेलन के दौरान उन्होंने एक नई पहल की घोषणा करते हुए हर गांव और मोहल्ले में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ केंद्र शुरू करने की बात कही। उनका मानना है कि इससे सामाजिक एकजुटता बढ़ेगी और लोगों को अपनी समस्याएं साझा करने का मंच मिलेगा। कार्यक्रम से पहले शहर में भव्य रैली निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए यज्ञ मैदान पहुंची। सम्मेलन के बाद निकले रोड शो में भी भारी भीड़ उमड़ी, जिससे यह आयोजन शक्ति प्रदर्शन में बदल गया। इस दौरान उन्होंने सरकार से युवाओं के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने की मांग भी दोहराई। साथ ही, खाड़ी देशों में जारी तनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसका असर वैश्विक स्तर पर पड़ रहा है, खासकर रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही इसका समाधान निकालेगी।

### संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात

# अधिग्रहण और घाटा अनुदान की मांग पर सरकार गंभीर, मुख्यमंत्री ने दिया कार्रवाई का भरोसा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची/दुमका।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ झारखंड प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राज्य सरकार के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विधानसभा में मुलाकात कर एक महत्वपूर्ण मांग रखी। इस दौरान झारखंड विधानसभा के आश्वासन संख्या-755/2011 दिनांक 21-12-2011 के आधार पर राज्य के सभी संबद्ध महाविद्यालयों को अधिग्रहण या घाटा अनुदान देने से संबंधित आवेदन सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि विधानसभा सत्र के बाद इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।



मुलाकात के दौरान मंत्री दीपिका पांडे सिंह और शिकारीपाड़ा विधायक आलोक सोरेन ने महाविद्यालयों की वर्तमान स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि वर्षों से कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारी अब सेवानिवृत्ति के करीब हैं, ऐसे में अधिग्रहण या घाटा अनुदान मिलने से उन्हें पेंशन जैसी बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए भरोसा दिलाया कि जब अन्य समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, तो इस मुद्दे का भी समाधान अवश्य किया जाएगा। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार से भी मुलाकात कर आवेदन सौंपा, जिस पर उन्होंने सकारात्मक सहमति जताई। इस पूरी प्रक्रिया में मंत्री दीपिका पांडे सिंह का सहयोग अहम रहा। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद राज्य के महाविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारियों में उम्मीद की नई किरण जगी है और अब सभी की निगाहें आगामी निर्णय पर टिकी हैं।

## परिवहन, निबंधन और मत्स्य विभाग को लक्ष्य प्राप्ति का आयुक्त ने दिया सख्त निर्देश



**दुमका ।** संथाल परगना प्रमण्डल के आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को राजस्व संग्रहण को लेकर एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक संपन्न हुई। दो अलग-अलग पालियों में आयोजित इस समीक्षा बैठक में आयुक्त ने विभागवार प्रगति का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को कार्यप्रणाली में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए। पहली पाली के दौरान परिवहन और निबंधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने स्पष्ट किया कि राजस्व संग्रहण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर देते हुए कहा कि पारदर्शिता और नियमित मॉनिटरिंग इस प्रक्रिया का मुख्य आधार होना चाहिए। सभी जिलों के परिवहन पदाधिकारियों और अवर निबंधकों को आपसी समन्वय के साथ काम करने की हिदायत दी गई ताकि सरकारी राजस्व के लक्ष्यों को समय रहते हासिल किया जा सके। वहीं, दूसरी पाली में माप-तौल, सहकारिता और मत्स्य विभाग के कार्यों पर गहन चर्चा हुई।

## बिहार की मंत्री रमा निषाद पहुंची बासुकीनाथ



**जरमुंडी ।** बिहार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद बुधवार को अपने पारिवारिक सदस्यों व समर्थकों के साथ पूजा अर्चना करने के लिए प्रसिद्ध बासुकीनाथ मंदिर पहुंची। बासुकीनाथ मंदिर के पंडा पुरोहितों ने उन्हें बाबा बासुकीनाथ, माता पार्वती, माता काली, शत्रु संहारिणी बगलामुखी माता सहित दस महाविद्या की पूजा अर्चना के उपरांत वैदिक आरती कराया। पूजा अर्चना के उपरांत मंत्री रमा निषाद ने बासुकीनाथ स्थित वन विभाग के गेस्ट हाउस में क्षणिक विश्राम किया, ततपश्चात अपने समर्थकों के साथ गंतव्य के लिए रवाना हो गईं ।

## संथाल काटा पोखर में मनाया गया जल महोत्सव



**रानीश्वर (दुमका) ।** आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य और जल प्रबंधन के उद्देश्य को लेकर बुधवार को प्रखंड की गोविंदपुर पंचायत स्थित ऐतिहासिक स्थल संथाल काटा पोखर में जल महोत्सव का भव्य आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने जल अर्पण कर जल की महत्ता को नमन किया। इस अवसर पर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल महोत्सव का मुख्य लक्ष्य जल संचयन, इसका पुन॰ उपयोग और बर्बादी रोकना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर हम आज सजग नहीं हुए, तो भविष्य के लिए जल संकट बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने सभी गांवों में जल महोत्सव पखवाड़ा मनाने की बात कही ताकि जन-जन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

## एसकेएमयू में 9 अप्रैल को एक साथ होंगी कई परीक्षाएं

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मु विश्वविद्यालय द्वारा बीबीए एवं बीसीए सेमेस्टर चार सत्र 2022-25 परीक्षा 2025 के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। इस बदलाव के तहत अब 9 अप्रैल 2026 को परीक्षा शेड्यूल में महत्वपूर्ण परिवर्तन लागू होगा, जिससे छात्रों को नई तिथि और विषय संयोजन के अनुसार तैयारी करनी होगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 9 अप्रैल 2026 को द्वितीय पाली में बीबीए सेमेस्टर-VI के 'डिस्ट्रिब्यूशन एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट' डीएसई-3 के साथ-साथ 'परफॉर्मेंस एंड कंपेन्सेशन मैनेजमेंट' और 'बिजनेस एनालिसिस एंड वैल्यूएशन' विषयों की परीक्षाएं एक साथ आयोजित की जाएंगी। यह बदलाव छात्रों के लिए अहम है, इसलिए उन्हें विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इसके अलावा अन्य सभी विषयों एवं प्रश्न पत्रों की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होंगी, जिससे बाकी परीक्षा व्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। परीक्षा नियंत्रक ने सभी केंद्राधीक्षकों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अपील की है कि संशोधित कार्यक्रम की जानकारी समय पर सभी छात्रों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि सूचना के अभाव में किसी भी परीक्षार्थी की परीक्षा छूटना गंभीर स्थिति होगी, जिसे हर हाल में टालना जरूरी है।

## जंगली सूअरों ने गेहूं फसल को किया नष्ट

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से के किसान इन दिनों गुमरो पहाड़ से आने वाले जंगली सूअरों के आतंक से काफी परेशान हैं। ताजा मामला बाड़ाडुमरिया पंचायत के घुरमुन्दनी गांव का है, जहां जंगली सूअरों के झुंड ने किसानों की गेहूं की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान प्रताभ महतो और तरुण महतो की करीब दो बीघा, सचिन महतो की एक बीघा तथा सत्यनारायण महतो और जयदेव महतो की दो बीघा जमीन पर लगी गेहूं की फसल को सूअरों ने बर्बाद कर दिया। इस प्रकार कुल पांच बीघा में लगी फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। किसानों ने बताया कि धान की फसल खराब होने के बाद उन्होंने बड़ी उम्मीद के साथ गेहूं की खेती की थी, ताकि नुकसान की भरपाई हो सके। लेकिन गुमरो पहाड़ से आए जंगली सूअरों के झुंड ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, हर साल जंगली सूअर इस तरह फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके बावजूद रोकथाम के लिए वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। किसानों ने प्रशासन और वन विभाग से फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था करने तथा हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# स्कूल में शर्मनाक हरकत : पारा शिक्षक पर छात्रा से छेड़खानी का आरोप, ग्रामीणों का गुस्सा फूटा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरना में एक पारा शिक्षक पर छात्रा के साथ छेड़खानी का गंभीर आरोप सामने आया है। इस घटना से पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल है और शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते दिनों पीड़ित छात्रा ने अपने साथ हुई आपबीती घरवालों को बताई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और बड़ी संख्या में लोग विद्यालय पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। बाद में स्थानीय बुद्धिजीवियों और ग्रामीणों के हस्तक्षेप से मामला किसी तरह शांत कराया गया।

छात्रा के परिजनों ने बताया कि लोक-लज्जा के कारण उन्होंने इस मामले में अब तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। हालांकि, इस घटना ने शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय की गरिमा को गहरा आघात पहुंचाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां बच्चों को सुरक्षित और संस्कारित वातावरण मिलना चाहिए, वहीं इस तरह की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## हरिनाम संकीर्तन को लेकर 22 मार्च को होगी बैठक

**जरमुंडी ।** बाबा बासुकीनाथ मंदिर के पश्चिम द्वार स्थित संकीर्तन शाला में पिछले 89 वर्षों से आयोजित होने वाले अखंड हरिनाम संकीर्तन के आयोजन को लेकर बासुकीनाथ के ग्रामीणों की एक बैठक 22 मार्च दिन रविवार की संध्या छह बजे आयोजित होगी। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए अखंड हरिनाम संकीर्तन समिति के अध्यक्ष सह समाजिक कार्यकर्ता हरहर पंडा ने बताया कि पिछले 89 वर्षों से बासुकीनाथ में राम नवमी तिथि से प्रारंभ होने वाले नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है।

## राजस्व कार्यों में लापरवाही, डीसी ने दिए दो कर्मियों के वेतन रोकने का आदेश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में राजस्व, आपदा प्रबंधन और प्रमाण पत्र जैसे जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि आम जनता के काम में किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान जाति प्रमाण पत्र के मामलों में अत्यधिक देरी पाए जाने पर उपायुक्त ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने शिकारीपाड़ा के राजस्व कर्मचारियों और मसलिया अंचल के सीआई का वेतन रोकने का निर्देश देते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की। भूमि सीमांकन के मामले में उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि कोई भी आवेदन 90 दिनों से अधिक लंबित न रहे और समय पर शुल्क जमा न होने पर उन्हें नियमानुसार रद्द कर दिया जाए।

इसके अलावा, उपायुक्त ने ग्राम प्रधानों के रिक्त पदों को भरने, उनके मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने और प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों को जल्द से जल्द सहायता राशि देने के निर्देश दिए। पीएम किसान योजना और दाखिल-खारिज के मामलों में भी तेजी लाने को कहा गया ताकि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिल सके।

## डीसी ने एन एच-114 समेत सभी पथ परियोजनाओं को पूरा करने का दिया निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को विकास की रफ्तार तेज करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का मुख्य केंद्र जिले में चल रहे सड़क और पथ निर्माण कार्य रहे। उपायुक्त ने स्पष्ट संदेश दिया कि आमजन की सुविधा के लिए सड़कों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभागीय पदाधिकारियों और कार्य एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे आपसी तालमेल बिठाकर सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें। उन्होंने विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग 114 की प्रगति का जायजा लिया और इसके शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द निपटाने को कहा, ताकि जिलेवासियों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

उपायुक्त ने निर्माण कार्यों में आने वाली जमीनी बाधाओं को दूर करने के लिए अंचल अधिकारियों को भी सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जहां भी तकनीकी या स्थानीय समस्याएं आ रही हैं, वहां अंचल अधिकारी त्वरित संज्ञान लेकर नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करें।

# 6 अप्रैल बदलेगा दुमका सिविल कोर्ट का समय

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप की आहट को देखते हुए सिविल कोर्ट के कार्य समय में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, आगामी 6 अप्रैल 2026 से नया शेड्यूल प्रभावी हो जाएगा।

नए समय के मुताबिक, न्यायालय की कार्यवाही अब सुबह 7:00 बजे शुरू होगी और दोपहर 12:00 बजे तक चलेगी। वहीं, कोर्ट के कार्यालयीन कार्यों के लिए सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। काम के बीच में कर्मियों और



पदाधिकारियों के लिए सुबह 9:00 से 9:30 बजे तक आधे घंटे का ब्रेक भी रहेगा।

यह व्यवस्था 27 जून 2026 के जून के अंतिम अंतिम शनिवार तक लागू रहेगी, ताकि चिलचिलाती धूप में अधिवक्ताओं, मुवक्किलों और कर्मचारियों को राहत मिल सके। इस बदलाव को लेकर सभी संबंधित विभागों को सूचित कर दिया गया है।

## तसर उत्पादन को मिलेगी नई उड़ान दुमका बना रहा 'सिल्क सिटी' की पहचान

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** शहर के इंडोर स्टेडियम में बुधवार को रेशम उत्पादकों के लिए प्रमंडलस्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में तसर उत्पादक किसान और विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और पूरे आयोजन में किसानों को नई दिशा देने पर विशेष जोर रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि दुमका जिला तसर उत्पादन के क्षेत्र में देशभर में अपनी अलग पहचान रखता है, जो यहां के किसानों की मेहनत और पारंपरिक ज्ञान का परिणाम है। उन्होंने इस पहचान को और मजबूत बनाने के लिए तसर उत्पादन में वैल्यू एडिशन पर बल दिया, ताकि स्थानीय उत्पाद



राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी खास जगह बना सकें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन रेशम उत्पादकों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में रामगढ़ प्रखंड में सिल्क क्लस्टर विकसित करने की दिशा में काम किया जा रहा है, जिससे उत्पादन से लेकर विपणन तक की समेकित व्यवस्था तैयार होगी। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि किसानों को बेहतर बाजार भी उपलब्ध होगा।

# एसकेएमयू और जेएसएफडीए की साझेदारी उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार को नया आयाम



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार और आधुनिक शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका और झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट अकादमी के बीच बुधवार को एक अहम समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता रांची में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और दोनों संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड के निदेशक सुधीर बारा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव रंजन शर्मा, झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट अकादमी के नोडल पदाधिकारी डॉ. सुजीत कुमार सोरेन सहित कई शिक्षाविदों ने इस पहल को राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था के लिए एक दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता न केवल शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करेगा, बल्कि शिक्षकों और कर्मियों की कार्यक्षमता में भी व्यापक सुधार लाएगा।

समझौते के तहत दोनों संस्थान मिलकर क्षमता निर्माण से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शिक्षकों, शोधार्थियों और प्रशासनिक कर्मियों की शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रबंधन क्षमताओं को विकसित करना है। साथ ही, विषय-विशेष कार्यशालाएं, सेमिनार और प्रशिक्षण सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

## एसकेएमयू डिजिटल लीव मैनेजमेंट से बढ़ेगी पारदर्शिता और रफ्तार

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के वीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में बुधवार को विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. जैनेंद्र यादव की अध्यक्षता में नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए ई-समर्थ के लीव मैनेजमेंट मॉड्यूल पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मियों को डिजिटल माध्यम से अवकाश प्रबंधन की प्रक्रिया से जोड़ते हुए कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाना था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को ई-समर्थ पोर्टल के जरिए ऑनलाइन अवकाश आवेदन की पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से समझाई गई। इसमें लॉग-इन की विधि, विभिन्न प्रकार के अवकाश का चयन, आवेदन भरने की प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेजों का अपलोड तथा आवेदन की स्थिति ट्रैक करने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दी गईं। साथ ही पोर्टल के उपयोग में आने वाली सामान्य समस्याओं और उनके समाधान पर भी विशेष चर्चा की गई।

## जामा में सीएसपी घोटाले का शक, तीन खातों से हजारों की अवैध निकासी का आरोप

**जामा(दुमका)।** जामा थाना क्षेत्र के बारा पलासी में संचालित एक सीएसपी केंद्र पर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है, जहां तीन ग्राहकों ने अपने बैंक खातों से अवैध निकासी किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ितों ने जामा थाना में लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की जांच और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार कटनिया गांव की सुगंती देवी के खाते से 26,623 रुपये, रीना देवी के खाते से 50,000 रुपये तथा उमेश राउत और राजकुमारी देवी के संयुक्त खाते से 9,000 रुपये की संदिग्ध निकासी हुई है। सभी पीड़ितों ने बारा पलासी स्थित एक ही सीएसपी केंद्र पर संदेह जताया है। पीड़िता सुगंती देवी ने बताया कि उनका खाता पैक्स बैंक जामा शाखा में है और वह अक्सर पैसे निकालने के लिए बारा स्थित सीएसपी केंद्र जाती थीं। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच उन्होंने 10,000 रुपये निकाले थे, लेकिन बाद में उनके खाते से कुल 26,623 रुपये की निकासी दर्ज पाई गई। इसके अलावा 13 फरवरी 2026 को भी उनके खाते से अतिरिक्त राशि निकाले जाने की बात सामने आई, जबकि उन्होंने केवल 10,000 रुपये ही निकाले थे। पीड़िता के अनुसार शेष 16,623 रुपये की निकासी कैसे हुई, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है, जिससे उन्हें सीएसपी संचालक पर संदेह है। अन्य पीड़ितों ने भी इसी तरह की शिकायत करते हुए कहा कि उनके खातों से भी बिना जानकारी के पैसे निकाले गए हैं। इधर, जामा थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जांच के बाद दोषी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर बैठक

**हंसडीहा ।** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर हंसडीहा थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हंसडीहा सर्किल इंस्पेक्टर विष्णु देव पासवान ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी अजीत कुमार द्वारा किया गया। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं दोनों समुदायों के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक में सर्किल इंस्पेक्टर विष्णु देव पासवान ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक हैं और इन्हें आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश या सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत जानकारी पर ध्यान न दें और ऐसी किसी भी सूचना की तुरंत प्रशासन को जानकारी दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने विशेष रूप से रामनवमी पर्व को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि जुलूस निकालने वाले सभी अखाड़ा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जो लोग पहले से लाइसेंसधारी हैं, वे अपना लाइसेंस थाना में जमा करें और जिनका लाइसेंस नहीं बना है, वे शीघ्र ही अनुमंडल कार्यालय से लाइसेंस बनवाएं। बिना लाइसेंस के किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## हंसडीहा में छिनतई को लेकर दो अपराधी रिमांड पर

**सरैयाहाट।** हंसडीहा के गोड्डा रोड स्थित धान कारोबारी राजेश भगत से बीते माह हुई लाखों रुपये की छिनतई मामले में हंसडीहा पुलिस ने जांच तेज कर दी है। इस सिलसिले में पुलिस ने केंद्रीय कारा दुमका से बिहार के दो शातिर अपराधियों को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। थाना प्रभारी अजीत यादव ने बताया कि भागलपुर जिले के सन्हौला थाना क्षेत्र स्थित नूर नगर निवासी मोहम्मद कासिम तथा बांका जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र के मोहम्मद रुस्तम को 48 घंटे के लिए रिमांड पर लिया गया है। दोनों आरोपित हाल ही में हंसडीहा में एक अन्य छिनतई मामले में पुलिस के हत्थे चढ़े थे। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर मामले के जल्द खुलासे की संभावना जताई जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि तकनीकी साक्ष्य और अपराधियों के नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। ज्ञात हो कि बीते माह हंसडीहा निवासी धान कारोबारी राजेश भगत के पिता से उनके घर के दरवाजे पर बाइक सवार अपराधियों ने करीब 3.80 लाख रुपये की छिनतई कर ली थी। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी।

## मसलिया में एसबीआई एटीएम रहा ठप, ग्राहक परेशान




**मसलिया ।** मसलिया बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एटीएम गुरुवार को लाभुकों के लिए 'सफेद हाथी' साबित हुआ। सुबह करीब 10 बजे से ही एटीएम में नकदी नहीं रहने के कारण पैसे निकालने पहुंचे लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। शाम लगभग 6 बजे तक भी स्थिति जस की तस बनी रही। एटीएम पर तैनात गार्ड अचिंत नंदी ने बताया कि मशीन में पैसा उपलब्ध नहीं है। वहीं एटीएम मशीन पर 'संपर्क बाधित' का बोर्ड भी लगा हुआ था, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि आने वाले दिनों में मुस्लिम समुदाय का प्रमुख पर्व ईद-उल-फितर और हिंदुओं का पर्व राम नवमी है। ऐसे में लोगों को खरीदारी और अन्य जरूरी कार्यों के लिए नकदी की आवश्यकता है, लेकिन एटीएम में पैसे नहीं रहने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द एटीएम में नकदी उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि त्योहार के मौके पर किसी को परेशानी न हो।

## संपूर्ण समर्पण से लक्ष्य की प्राप्ति होती है : हिमांशु गैरोला

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सापचाला गांव में माँ राजराजेश्वरी समिति की ओर से आयोजित सात दिवसीय राम कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस अवसर पर श्रीधाम गंगोत्री (देवभूमि उत्तराखंड) से पधारे कथावाचक आचार्य हिमांशु गैरोला महाराज ने भगवान शिव-पार्वती विवाह एवं भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के प्रसंगों का संगीतमय वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्ण समर्पण आवश्यक है। माता पार्वती का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि पार्वती जी ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए हजारों वर्षों तक कठोर तपस्या की, तब जाकर उन्हें सफलता मिली। इससे यह शिक्षा मिलती है कि समर्पण और दृढ़ संकल्प से ही लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। शिव विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि जब माता पार्वती की माता मैना देवी ने भगवान शिव की बारात में भूत-प्रेत, पिशाच और भस्म से लिपटे शिवजी को देखा तो वे विचलित हो गईं और विवाह से इंकार कर दिया।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686